

पीएम मोदी 12 अप्रेल को राजस्थान के दौसा में करेंगे अपना पहला चुनावी रोड शो

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



कलकत्ता हाई कोर्ट ने संदेशखाली में जमीन हथियाने, जबरन वसूली मामलों की सीबीआई जांच का आदेश दिया

वर्ष-60 › अंक -100 रायपुर गुरूवार 11 अप्रैल 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2081 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G/RYP DN/71/2023-25


तमिलनाडु में पीएम मोदी ने बोला हमला

## कांग्रेस-DMK का एक ही एजेंडा, झूठ बोल सरकार में बने रहना



**मेट्टूपालयम में कोयंबटूर की ऊर्जा और नीलगिरी की सुंदरता है. नीलगिरी की चाय पूरे देश में प्रसिद्ध है. एक चाय वाले का दिल का रिश्ता नहीं हो, यह हो ही नहीं हो सकता है. नीलगिरि की यह भूमि बीजेपी के लिए खास रही है. अटल जी के समय में नीलगिरि के लोगों ने बीजेपी को समर्थन देकर यहां का सांसद बनाया था.**

**लोकशक्ति।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर के मेट्टुपालयम की सभा में कांग्रेस और डीएमके पर जमकर हमला बोला. पीएम मोदी ने कहा कि डीएमके ने राज्य में हमेशा नफरत और विभाजन की राजनीति की है. डीएमके ने कभी भी तमिलनाडु के विकास पर ध्यान नहीं दिया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर के मेट्टुपालयम में सभा को संबोधित हुए कांग्रेस और डीएमके पर जमकर हमला बोला है. पीएम मोदी ने तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके पर हमला बोलते हुए कहा कि डीएमके और कांग्रेस जैसी फैमिली पार्टी का एक ही उद्देश्य रहता है कि किसी तरह से झूठ बोलकर सरकार में बने रहो. कांग्रेस ने इतने दिनों तक गरीबी हटाओ को नारा दिया, लेकिन गरीबी नहीं हटी, पर एनडीए सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है.

उन्होंने कहा किकांग्रेस और डीएमके एलायंस ने करोड़ों लोगों को मकान, बिजली, पानी के लिए तरसा कर रखा था, क्योंकि इनकी सोच थी कि सबको मकान और बिजली मिल सकता, लेकिन बीजेपी सरकार ने आवास दिये और बिजली पहुंचाई. 80 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त राशन दिया. इसमें अधिकांश एससी, एसटी और ओबीसी समाज के लोग हैं. पीएम मोदी ने कहा कि आज देख रहा हूं पूरे तमिलनाडु में बीजेपी छाई हुई है. हर कोई कह रहा है कि डीएमके की विदाई और बीजेपी और एडीए की वापसी होगी. पूरा तमिलनाडु कह रहा कि फिर एक बार मोदी सरकार.

### डीएमके ने नफरत और विभाजन की राजनीति की

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि डीएमके ने राज्य में हमेशा नफरत और विभाजन की राजनीति की है. डीएमके ने कभी भी तमिलनाडु के विकास पर ध्यान नहीं दिया है, लेकि वह विश्वास दिलाते हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल में एनडीए सरकार नीलगिरी के विकास के लिए और अधिक मजबूती से काम करेगी, यह मोदी की गारंटी है.

## तमिलनाडु ने भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे ले जाने में दिया महान योगदान

**भाजपा के शीर्ष नेता पीएम मोदी ने वेल्लोर चुनावी रैली में कहा- 'विश्वशक्ति के रूप में उभरते भारत में तमिलनाडु की बड़ी भूमिका'**

### वेल्लोर से पार्टी के चुनाव चिन्ह पर ए. सी. शणमुगम है मैदान में

**लोकशक्ति। संवाददाता।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में 400 पार के संकल्प के साथ आज (बुधवार) 10 अप्रैल को तमिलनाडु के वेल्लोर में सुबह एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, भारत आज विश्व में शक्ति के रूप में उभर रहा है और तमिलनाडु ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है।

### तमिलनाडु ने भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे ले जाने में दिया महान योगदान

प्रधानमंत्री ने कहा तमिलनाडु ने भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में आगे ले जाने में महान योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के कठिन परिश्रम ने विनिर्माण के क्षेत्र में भारत को अग्रणी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### तमिलनाडु में बनाया जा रहा डिफेंस-कॉरिडोर राज्य को नई ऊंचाई पर ले जाएगा -

इसके आगे उन्होंने कहा, तमिलनाडु में बनाया जा रहा डिफेंस-कॉरिडोर राज्य को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हमें मिलकर 'विकसित तमिलनाडु' और 'विकसित भारत' बनाना होगा। पिछले दस वर्षों में एनडीए ने विकसित भारत के लिए बुनियाद तैयार की है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले हमारी अर्थव्यवस्था कमजोर थी और केवल घोटालों से संबंधित खबरें ही सुनाई देती थीं।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने कच्चातीवू द्वीप, श्रीलंका को दे दिया, जिससे तमिलनाडु के मछुआरों को नुकसान हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अनेक मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और एनडीए सरकार उन्हें वापस लाने के लिए निरंतर कार्य करती रही है। बताना चाहेंगे उन्होंने धर्मपुरी में एनडीए के सहयोगी पट्टली मक्कल कच्ची की उम्मीदवार सौम्या अंबुमणि और वेल्लोर से न्यू जस्टिस पार्टी के उम्मीदवार ए. सी. षणमुगम के समर्थन में रैली को संबोधित किया। षणमुगम भाजपा के चुनाव चिन्ह पर मैदान में हैं।






### जिन्हें अपने उम्मीदवारों पर भरोसा नहीं, वो जनता से किए वादे कैसे निभाएंगे : भाजपा

**एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी (सपा) के घोषणापत्र पर निशाना साधा है। बुधवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव पार्टी का विजन डॉक्यूमेंट पढ़ रहे थे। मुझे समझ नहीं आया, जिस पार्टी का कोई विजन ही नहीं है, वह जनता के लिए क्या विजन देखेगी। उनकी दृष्टि और दृष्टिकोण केवल और केवल परिवार की उन्नति और प्रगति तक ही सीमित है।

## केजरीवाल पर अमित शाह ने साधा निशाना : सारे दावे हुए फेल

### प्रदान बरुआ के लिए पहुंचे थे शाह

**एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मंगलवार को असम के दौरे पर थे। यहां उन्होंने एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग दावे कर रहे थे कि हमें फंसाया जा रहा है, उन दावों को आज कोर्ट ने खारिज कर दिया। अदालत के पास इनके खिलाफसबूत भी हैं और वो खुद और इनकी पार्टी दोनों भ्रष्टाचार में सम्मलित है। बता दें कि मंगलवार को ही दिल्ली हाई कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाला मामले में अरविंद केजरीवाल को झटका देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी और ईडी की गिरफ्तारी को सही करार दिया। इस दौरान हाई कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी के पास दिल्ली सीएम को गिरफ्तार करने के लिए पर्याप्त सबूत थे। कोर्ट ने बताया कि सबूतों से गोवा चुनाव में मनी ट्रेल का पता चलता है।



**पंडित नेहरु पर भी साधा निशाना** - अमित शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, जब चीन का भारत पर हमला हुआ तो लड़ने की जगह वायु प्रवचन में जवाहर लाल नेहरू ने असम को बाय-बाय कह दिया था। उन्होंने असम को छोड़ दिया था। आज असम की जनता यह भूल नहीं सकती है। परिवर्तन क्या है, नरेंद्र मोदी की सरकार है। नरेंद्र मोदी ने इस प्रकार का शासन दिया कि चीन हमारी एक इंच भूमि पर भी कब्जा नहीं कर सकता है। पूरा अरुणाचल प्रदेश और असम 1962 को भूल नहीं सकता है। डोकलाम में नरेंद्र मोदी के समय में थोड़ी हिम्मत की गई और 45 दिन तक रोक कर रखा और पीएम नरेंद्र मोदी ने वापस जाने के लिए मजबूर कर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह असम के लखीमपुर से बीजेपी ने मौजूदा सांसद प्रदान बरुआ के लिए प्रचार करने पहुंचे थे। पार्टी ने उन्हें लगातार तीसरी बार टिकट दिया है। उनके खिलाफ कांग्रेस ने उदय शंकर हजारिका को मैदान में उतारा है।

## सावन में मटन खाते हैं तो नवरात्र में मछली, तेजस्वी बने ढोंगी हिन्दू

**एजेंसी।**



बीजेपी ने तेजस्वी को लिया आड़े हाथलोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान अब जोर पकड़ चुका है। तापमान में हो रही वृद्धि और चुनाव प्रचार की व्यस्तता को लेकर नेता भी परेशान हैं। ऐसे में राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी प्रचार में अपनी ताकत झोंक दी है। तेजस्वी ने इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। वीडियो में खुद वीआईपी के प्रमुख मुकेश सहनी के साथ मछली और रोटी खाते दिख रहे हैं। तेजस्वी वीडियो में बता रहे हैं कि ये मछली बात मुकेश सहनी बनावकर लाए हैं, इसके लिए वो मुकेश सहनी को थैंक्यू बोलते नजर आ रहे हैं। ये वीडियो तेजस्वी यादव ने ये वीडियो नवरात्र के पहले दिन पोस्ट किया है जिसे लेकर अब बिहार में पॉलिटिक्स शुरू हो गई है। बीजेपी तेजस्वी पर सवाल उठा रही है और तेजस्वी को सीजनल हिंदू बता रही है। भाजपा ने कहा है कि यह लालू परिवार के लिए नई बात नहीं है।

## दिल्ली सरकार के मंत्री का स्तीफा

### राज कुमार के इस्तीफे पर सियासत तेज, बीजेपी बोली- आप के धोखे के अंत की शुरुआत

**एजेंसी।**



दिल्ली सरकार के मंत्री रहे राजकुमार आनंद ने आम आदमी पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया. राज कुमार के इस्तीफे से आप को बड़ा झटका लगा है. राजकुमार आनंद साल 2020 में पहली बार पटेल नगर सीट से विधायक बने थे. इससे पहले उनकी पत्नी वीना आनंद भी इसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुकी हैं. राज कुमार के इस्तीफे पर दिल्ली बीजेपी ने बयान दिया है. बीजेपी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के धोखे के अंत की शुरुआत हो चुकी है. पार्टी पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूबी हुई है. दिल्ली शराब नीति घोटाले में पार्टी के टॉप लीडर्स संलिप्त हैं. घोटाला उजागर होने के बाद कई नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं. बता दें कि राजकुमार दिल्ली सरकार में एससी/एसटी वेलफेयर के मंत्री थे. 10 अप्रैल की शाम 5 बजे उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. राजकुमार आनंद के आवास पर बीते साल नवंबर में ईडी ने छापा भी मारा था।

## जम्मू में दस साल पहले नहीं हो पाती थी सभा : सीएम योगी

**एजेंसी।**

सीएम ने कहा कि मैं जम्मू में अभी सभा करके आ रहा हूं, वहां भी इसी तरह से निश्चिंत होकर सभा की है। क्या यह सभा 10 साल पहले हो पाती,? वहां के लोग लोकतंत्र की मुख्यधारा से जुड़ रहे हैं। वहां भी ऐसा ही विकास हो रहा है जैसा मेरठ और पश्चिम में हो रहा है। कांग्रेस ने वहां लोकतंत्र बाधित किया विकास बाधित किया। मोदी जी ने 370 समाप्त किया।

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के लिए राष्ट्रधर्म ही सर्वोपरि है। भारत का व्यक्ति कहीं भी जाता है तो सम्मान पाता है। यह सब मोदी के कारण मुमकिन हो रहा है। एक तरफ यहां चार साल से मुफ्त का राशन बंट रहा है, दूसरी तरफ भिखमंगा पाकिस्तान कटोरा लेकर भीख मांग रहा है। पाकिस्तान में यह हालात गलत नेतृत्व चुनने के कारण हुआ है।

सीएम ने कहा कि गुमराह करने वालों की बातों में मत आइए। जाति के सौदागर अपने लिए सौदा करके निकल जाएंगे। जिन्होंने जाति और सामाजिकता को छिन्न-भिन्न किया उनका समय खत्म हो जाता है। कोई माई का लाल नहीं जो सुरक्षा में बाल का बांका कर सके।



### माफिया चलता था तो सीएम का काफिला रुक जाता था

जिनकी गर्मी शांत हो चुकी है उनकी गर्मी वापस मत आने दीजिए। जिनके नाम से पहले कर्फ्यू लग जाता था उनकी दुर्गति देखिए। जब दुर्दांत माफिया चलता था मुख्यमंत्री और मुख्यन्याधीश का काफिला रुक जाता था । उसे रगड़कर कोर्ट पहुंचा दिया तब उसकी पैंट गीली हो गई। निर्दोष को मारोगे तो मिट्टी भी नहीं मिलेगी।

सीएम ने कहा कि राष्ट्र धर्म के लिए सब कुछ बलिदान कर देंगे। हमें वो सरकार चाहिए जो कांवड़ यात्रा चला सके। हमें कर्फ्यू वाली सरकार नहीं चाहिए। महाराणा प्रताप से सीखिए। घास की रोटी खानी स्वीकार की विदेशी हुकूमत के आगे झुकना नहीं। जिन्होंने व्यापारी और बेटी की सुरक्षा से खिलवाड़ किया उन्हें चुनने का मौका मत दीजिए। देश और राष्ट्र धर्म से बढ़कर कुछ नहीं।

### इसी महीने पीएम मोदी से मिलने आएंगे मस्क, कर सकते हैं बड़ी घोषणा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली:** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क इसी महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने भारत आ सकते हैं। इस दौरान वो अपनी मेगा निवेश योजनाओं की घोषणा भी कर सकते हैं। ईवी अपनाने की रणनीति को भारत काफी आगे ले जा रहा है। हालांकि, टेक अरबपति या उनकी इलेक्ट्रिक कार कंपनी की ओर से मस्क की भारत यात्रा की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



आर्मी | सेना के लिये खुशखबर

## अमेठी में बनी, सेना के हाथो में जल्द दिखेगी राइफल

**एजेंसी।**

भारतीय सेना की ताकत अब और भी ज्यादा शक्तिशाली होने वाली है. उत्तर प्रदेश के अमेठी में स्थित कोर्वा ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से बनी असॉल्ट राइफल कलाशनिकोव AK-203 की पहली खेप बनकर तैयार हो गई है. इन राइफल्स को जल्दी इंडियन आर्मी को सौंपा जाएगा. जिसके बाद इसका इस्तेमाल रेगुलर ऑपरेशन में सेना शुरू कर देगी.

भारतीय सेना के लिए कुल मिलाकर 6.01 लाख असॉल्ट राइफलों का उत्पादन किया जा रहा है. सेना के लिए तैयार किए जा रहे इस घातक हथियार की ट्रेनिंग अब आर्मी के जवानों को दी जा रही है. सेंटर कमांड के ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर के ट्रेंड जवानों ने AK-203 असॉल्ट राइफल्स की खास ट्रेनिंग ली है. भारतीय सेना का यह पहला 15 सदस्य इन्फेंट्री रेजिमेंटल सेंटर बैच है जिसे इस राइफल की ट्रेनिंग दी गई है.



**बेहतर, आसान और घातक है AK-203** - AK-203 कलाशनिकोव सीरीज की सबसे एडवांस असॉल्ट राइफल है. जो कंपनी इसे बना रही है उसका नाम इंडो-रसिया राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड है. इस राइफल के आने से भारत में इंसास का इस्तेमाल बंद हो जाएगा, या फिर बेहद कम हो जाएगा. एके-203 इंसास से कई मामलों में बेहतर, आसान और घातक है। इसके साथ ही भारतीय आर्मी AK-47 की जगह कहीं न कहीं अब AK-203 राइफल का इस्तेमाल करना पसंद करेगी. क्योंकि AK-203 ज्यादा घातक है, सटीक और एडवांस हथियार है. इसके अलावा ज्यादातर आतंकी गतिविधियों में AK-47 का इस्तेमाल हो रहा है ऐसे फॉरेज उससे कहीं ज्यादा घातक और मजबूत हथियार को शामिल करना चाहती है. AK-203 कोAK सीरीजकी सबसे आधुनिक और विश्वसनीय राइफल माना जाता है.. AK-203 का इस्तेमालऑटोमैटिकऔर सेमी ऑटोमैटिकतरीकों से किया जा सकता है.

**AK-203 राइफ ल की खासियत** - एके-203 राइफल इंसास से छोटी और हल्की है. इंसास बिना मैगजीन और बेयोनेट के भी 4.15 किलो की है. किसी भी ऑपरेशन में सेना के जवानों को इस राइफल कोसंभालना और इस्तेमालआसान होगा. यह रात के ऑपरेशन में भी बहुत प्रभावी होगी. वजन और लंबाई कम होने पर राइफल को लंबे समय तक उठाया जा सकता है. राइफल को सिर्फ आठ से नौ पार्ट्स को मिलाकर बनायाजाएगा।

## बीजेपी ने जारी किया अरुणाचल चुनाव के लिए घोषणापत्र

### सरकारी नौकरी और सस्ते सिलेंडर का वादा

**एजेंसी।**

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने बुधवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया. बीजेपी अरुणाच प्रदेश के लिए जारी किए गए घोषणापत्र को 'विकसित भारत, विकसित अरुणाचल प्रदेश' नाम दिया है. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया. इस दौरान बीजेपी के अन्य नेता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे. बता दें कि अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ ही होगा. चुनाव आयोग ने राज्य में पहले चरण में ही मतदान करने का शेड्यूल जारी किया है. पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे.




बीजेपी के इस घोषणा पत्र में अरुणाचल के युवाओं से लेकर महिलाओं तक को लुभाने की कोशिश की गई है. अरुणाचल प्रदेश के घोषणापत्र में बीजेपी ने राज्य में 25000 सरकारी और गैर-सरकारी क्षेत्र में नौकरियां देने का वादा किया है. इसके साथ ही राज्य में 400 रुपये में एलपीजी सिलेंडर देने का वायदा किया है. पार्टी का संकल्प पत्र जारी करते हुए बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि अगर अरुणाचल में हमारी सरकार बनती है तो पार्टी 'डीटीएच' मॉडल के तहत काम करेगी. जो विकास, परिवर्तन और सद्भाव का प्रतीक है।

लोकशक्ति www.lokshakti.in

# गणगौर महोत्सव हेतु रंगारंग तैयारियां प्रारम्भ

## विभिन्न सहयोगी समितियों का गठन

लोकशक्ति ।

माहेश्वरी सभा द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पारम्परिक पर्व गणगौर हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सभा के प्रचार प्रसार प्रभारी विष्णुकांत सारडा ने बतलाया कि आयोजन को सुचारू एवम सुव्यवस्थित बनाने हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। जिसमें : कार्यक्रम संयोजक श्री गोपीदास बागड़ी बनाये गए है। शोभायात्रा समितिः गोवर्धन झंवर,सन्दीप मर्दा, गोपाललाल राठी,नवरतन माहेश्वरी,दीपक डागा, संजय रामरतन मोहता, डॉ सतीश राठी, हितेश नत्थानी, श्री जितेश मोहता,ऋषभ लोया, ललित बागड़ी,सुरजरतन मोहता, राजकुमार चितलंग्या, लक्ष्मीनारायण लाहोटी,अनिल बजाज,मनोज राठी ष्ट,शैलेन्द्र करवा, राजेश मूंदड़ा,सुरेश भट्टड़, गोपाल बजाज रहेंगे।

प्रसाद निर्माण समिति : सुशील बागड़ी,नंदलाल मोहता ओमप्रकाश नागोरी,देवरतन बागड़ी, विजय लखोटिया, द्वारकादास मल, विजय दम्माणी (गुड्डू),रामरतन मोहता,बद्री झंवर, कृष्णकुमार डागा, विनोद माहेश्वरी,शंकर मोहता, श्रीगोपाल सारड़ा,सूरजभान मोहता, राजेश बागड़ी श्याम चांडक,राजेश तापड़िया,भूपेंद्र करवा हैं।



पूजा व्यवस्था समिति : श्री गोवर्धन झंवर, श्रीमती मधुरिका नत्थानी, एवं महिला समिति

स्टेज सजावट समिति : माहेश्वरी महिला समिति, माहेश्वरी युवा मण्डल महिला समिति।

प्रसाद वितरण समिति : माहेश्वरी महिला समिति : प्रगति कोठारी (अध्यक्षा), कल्पना राठी (सचिव) एवम समस्त सदस्याएं, माहेश्वरी युवा मंडल : श्री नीलेश मूंधड़ा (अध्यक्ष) श्री जयंत मोहता (सचिव) एवम समस्त सदस्य, माहेश्वरी युवा मण्डल महिला समिति : रमा बागड़ी(अध्यक्षा) ममता टावरी

सभा के अध्यक्ष श्री संपत जी काबरा मंत्री कमल राठी ने बतलाया कि गणगौर पर्व राजस्थान का पारंपरिक गौरवशाली पर्व है। होलिका दहन के दूसरे दिवस से प्रारंभ हो कर चैत्र सूद तीज तक मनाये जाने वाला यह महापर्व एक महोत्सव रूप में संपूर्ण भारतवर्ष में राजस्थानी संस्कृति की अपनी अनूठी छटा बिखेरता है। पारिवारिक व सामाजिक दृष्टि से भी यह पर्व महत्वपूर्ण है। अखण्ड सौभाग्य की मंगलकामनाओं के साथ मनाए जाने वाले इस पर्व में माता गवरा जी (पार्वती जी) एवँ ईसर जी (आराध्य भगवान शिव जी) की पूजा अर्चना की जाती है। माता की बाड़ी यानी जवारे बोए जाने वाला स्थान पर नित्य पूजा एवम गीत गाए जाते हैं।

शोभायात्रा : 11 अप्रैल गुरुवार को गोपाल मंदिर सदर बाजार से शाम 7.00 बजे से प्रारंभ होगी। शोभ यात्रा हेतु माता गणगौर जी एवं ईसर जी (भगवान शिव जी) की आकर्षक झांकी का निर्माण किया जा रहा है। शोभायात्रा में समाज के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा के प्रदर्शन के साथ ही गणगौर के पारंपरिक लोकगीतों का गायन भी करेंगे। उन्होंने बतलाया कि इसी कड़ी में गवरजा जी की प्रसाद (गोठ) : 12 अप्रैल शुक्रवार को , श्री माहेश्वरी भवन, डूंडा में, शाम 7.00 बजे प्रारंभ होगी।

उक्ताशय की जानकारी माहेश्वरी सभा के प्रचार प्रसार प्रभारी विष्णुकांत सारडा ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।



## जनसंपर्क के दौरान संतोष पांडे ने की माता की पूजा

लोकशक्ति। संतोष पांडे ने लिखा : आज ग्राम साल्हे, पांगरी, चांदो, धनगांव एवं मुंजालकला में जन आशीर्वाद कार्यक्रम के तहत क्षेत्रवासियों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना और 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में बटन नंबर 3 कमल निशान में बटन दबाकर अपना आशीर्वाद देने का आग्रह किया। क्षेत्रवासियों का माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति अटूट विश्वास ये उत्साह साफ़स्पष्ट कर रहा है के निश्चित ही सिर्फ़राजनांदगांव लोकसभा ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में रिकॉर्ड मतों के साथ कमल खिलना तय है।

# मुख्यमंत्री ने खदान बस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 10-10 दस लाख रूपए की मुआवजा राशि देने की घोषणा की

**रायपुर,** कुम्हारी में बीती रात हुए बस दुर्घटना के घायलों से मुलाकात करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एम्स पहुंचे. केडिया डिस्टलरी के घायल कर्मचारियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना, इसके साथ ही बेहतर से बेहतर इलाज के लिए एम्स प्रबंधन को निर्देशित किया.



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घायलों से मुलाकात के बाद मीडिया से चर्चा में घटना को दुखद बताते हुए कहा कि घटना होते ही प्रशासन-शासन की टीम मौके पर रात से मौजूद रही. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कल रात में ही एम्स पहुंच चुके थे. प्रधानमंत्री राज्यपाल ने इस घटना पर संवेदना व्यक्त की है. बेहतर से बेहतर इलाज के लिए एम्स को निर्देशित किया है.मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनी ने मृतक के परिजनों के लिए 10 लाख रुपए मुआवजा राशि की घोषणा की है. साथ ही साथ मृतक के परिवार में से एक सदस्य को नौकरी दी जाएगी. घायलों के बेहतर इलाज के लिए कंपनी और सरकार खर्च वहन करेगी. उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच की घोषणा की गई है. जांच रिपोर्ट आने के बाद जो कोई भी दोषी होगा, उसे बक्शा नहीं जाएगा. इस तरीके की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इस पर विचार किया जाएगा।

एम्स के डायरेक्टर अशोक जिंदल ने बताया कि कुम्हारी हादसे में घायल 10 मरीज भर्ती हैं. दो की हालत गंभीर है. एक पेशेंट के मस्तिष्क में चोट लगने के कारण काफी सीरियस है. चार को आज डिस्चार्ज किया जा सकता है. माइनर सर्जरी के बाद दो-चार दिन में सबको डिस्चार्ज किया जाएगा. एम्स की पूरी टीम घायलों के उपचार में लगी है.

# नवनिर्मित 16 लाख मूल्य के स्वर्ग रथ का लोकार्पण

## डोंगरगढ़ वासियों को मिली सौगात

## माता बमलेश्वरी ट्रस्ट एवं अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में संचालन

## इस अवसर की साक्षी बनी रायपुर से आई चार पीढ़ियां*

लोकशक्ति।

डोंगरगढ़। सभी धर्म , जाति, एवम पंथ जन के हितार्थ दोनो संस्थाओं के सयुक्त तत्वाधान में नवनिर्मित स्वर्ग रथ का लोकापर्ण एवम् पूजन÷ का कार्यक्रम हिन्दू नववर्ष गुड़ीपड़वा एंव नवरात्री के प्रथम दिवस के शुभपावन पर्व, मंगलवार 9 अप्रैल 2024 को डोगरगढ़ में संध्या 4.00 बजे मां बमलेश्वरी के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ, नीचे स्थित माता बमलेश्वरी के दरबार में पुजारी जी ने इस *स्वर्ग रथ* का विधि विधान से पूजन किया । इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक और राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सियाराम अग्रवाल, संरक्षक महेंद्र सेक्सरिया एवं श्री जयदेव सिंघल, प्रांतीय अध्यक्ष श्री नेतराम अग्रवाल, प्रांतीय चेयरमैन डॉ अशोक अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल राजू, श्री अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष सुनील राम अवतार अग्रवाल, माता बमलेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन संस्था के महामंत्री मनोज अग्रवाल दुर्ग, प्रांतीय कोषाध्यक्ष श्री राधेश्याम किरतुका, प्रांतीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल ने केसरिया ध्वज फ्हराकर नारियल पधारकर स्वर्ग रथ का लोकार्पण किया।



इस शुभ अवसर के डोंगरगढ़ से माता बमलेश्वरी ट्रस्ट के मंत्री महेंद्र परिहार, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, संजय गुमास्ता, बबलू शांडिल्य , सिद्ध गोपाल नरेड़ी, मनमोहन अग्रवाल, गणेश नरेड़ी, कन्हैया अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार गोपाल खेमका एवं प्रकाश नरेड़ी , लक्ष्मी नारायण अग्रवाल , जग्गू अग्रवाल , योगेश अग्रवाल, केशव नरेड़ी, रायपुर से संगठन के मंत्री अजय खेतान, मनोज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल श्लोक अग्रवाल, बिलासपुर से एम्बुलेंस सेवा के प्रदेश संयोजक राजेंद्र अग्रवाल राजू के नेतृत्व में आई टीम के सुरेश सिंघल, सत्यनारायण अग्रवाल , आरके अग्रवाल इंजीनियर , दुर्ग भिलाई से विकास सिंघल, प्रांतीय युवा अध्यक्ष आशीष सेक्सरिया, पूर्व प्रांतीय युवा अध्यक्ष संजय गर्ग सहित अनेक पदाधिकारी गण और सदस्य गण उपस्थित रह, माता रानी के श्री चरणों में अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए इस अवसर के साक्षी बने।

### इस अवसर की साक्षी बनी रायपुर से आई चार पीढ़ियां

माता रानी के दर्शन करने संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सियाराम अग्रवाल अपनी चार पीढ़ियों के साथ वहां मौजूद रहे, पुत्र डॉ अशोक व मनोज , पौत्र अंकित व श्लोक अग्रवाल, प्रपौत्र अथर्व और अंजनेया, पुत्री शशि,नाती प्रभात,आदित्य सहित पूरा परिवार इस अवसर के साक्षी बने।

# मतदाता जागरूकता के लिए अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

## रोमांचक मुकाबले में अनुविभागीय अधिकारी रायपुर की टीम बनी विजेता

## 4 विकेट लेने वाले ईलू बने मैन ऑफद मैच

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए क्रिकेट मैच का आयोजन

रायपुर। रायपुर के सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 9 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में अनुविभागीय अधिकारी रायपुर, राजस्व और जनपद पंचायत आरंग के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मैच में अनुविभागीय अधिकारी रायपुर, राजस्व ने जीत हासिल की। यह मैच कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आयोजन किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में एनआरएलएम की एमडी श्रीमती नम्रता जैन ने उपस्थित खिलाड़ियों और नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।




जनपद पंचायत आरंग ने टॉस जीत कर पहले फिल्डिंग करने का निर्णय लिया और अनुविभागीय अधिकारी रायपुर, राजस्व ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 109 रन बनाई। जनपद पंचायत आरंग ने इस रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 72 रन पर ही सिमट गई। इस प्रतियोगिता में शानदान गेंदबाजी करते हुए ईलू ने 4 विकेट झटके। जिसकी वजह से उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं बेस्ट बैटसमैन सचिन को बनाया गया। शानदार चैके-छक्के मारते हुए 36 रन बटोरे। साथ ही बेस्ट बॉलर का खिताब अश्वनी को दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी, सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि 12 दिवसीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन में अंतर विभागीय टीम हिस्सा ले रही है। 10-10 ओव्हर के मैच में प्रत्येक टीम की तरफसे एक महिला खिलाड़ी को बॉलिग का मौका दिया जाना अनिवार्य है। साथ ही प्रत्येक ओव्हरों का निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नामकरण किया गया है। स्वीप ओवर, अधिसूचना ओवर, ईवीएम ओवर, एफएसटी ओवर, वीवीपैट ओवर इत्यादि नाम दिए गए है। इस खेल का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़ाना और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है।

# सी-विजिल एप से आम नागरिक कर सकते हैं आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**कांकेर।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए आदर्श आचरण संहिता लागू होने के बाद से संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-11 कांकेर अंतर्गत सी विजिल एप में निर्वाचन संबंधी अब तक कुल 22 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से सभी का निराकरण किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन संबंधी शिकायतों की त्वरित सूचना एवं समाधान के लिए मोबाइल एप्लिकेशन 'सी-विजिल' शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी नागरिक लोकसभा निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की ऑनलाइन शिकायत कर सकता है। इस मोबाइल एप को स्मार्टफोन के प्ले-स्टोर के जरिए आसानी से इंस्टाल किया जा सकता है। सी-विजिल एप में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी घटना का फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। निर्वाचन आयोग द्वारा शिकायत करने के 100 मिनट के अंदर कार्यवाही की जाती है। साथ ही इस मोबाइल एप में शिकायतकर्ता की पहचान बताए बिना भी शिकायत दर्ज कराने का विकल्प है। इसके अलावा जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में भी दूरभाष नंबर 07868-241019 पर संपर्क कर शिकायत की जा सकती है, साथ ही निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा मतदाता संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता के लिये टोल फ्री नम्बर 1950 पर कॉल करके संपर्क किया जा सकता है।

# मत की गोपनीयता किसी भी स्थिति में भंग न हो

## होम वोटिंग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए निर्देश लोकसभा आम निर्वाचन-2024

**कांकेर,।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत् कांकेर लोकसभा क्षेत्र क्रमांक-11 में आगामी 26 अप्रैल को मतदाताओं के द्वारा मतदान किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्ध मतदाता और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से घर जाकर (होम वोटिंग) की सुविधा दी जा रही है, जहां मतदान अधिकारियों के द्वारा बैलट पेपर के जरिए 14 से 16 अप्रैल के बीच वोट कराया जाएगा।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज दोपहर को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह ने होम वोटिंग सम्पन्न कराने वाले मतदान अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन एक अतिमहत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें पूरी सावधानी, सतर्कता और निष्पक्षता के साथ दायित्वों का निर्वहन करना होता है। उन्होंने आगे कहा कि होम वोटिंग के दौरान यह विशेष तौर पर मतदान अधिकारियों को ध्यान रखना होगा कि मत की गोपनीयता किसी भी स्थिति में भंग न होने पाए। यदि गलती से भी गोपनीयता भंग होती है तो वह अपराध की श्रेणी में आएगा। किसी तरह की त्रुटि करने से बेहतर है प्रक्रिया की पूरी जानकारी से अवगत हो जाएं अथवा उच्चाधिकारी से सम्पर्क कर उसके प्रत्येक पहलू से रूबरू हो जाएं। कलेक्टर ने आगे कहा कि वोट दर्ज किए गए बैलेट पेपर को प्रतिदिन वहीं जमा कराएं, जहां से लिया गया हो।

**इन 12 वैकल्पिक पहचान पत्र को भी दिखाकर किया जा सकेगा मतदान**

प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि यदि किसी वोटर के पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो भी 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र दिखाकर वह मतदान कर सकेगा। इन 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक शामिल है। इसके अलावा श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/ लोक उपक्रम या पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए ।

फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ एवं डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल भी मौजूद थे।

# बाल विवाह पर रोक लगाने महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम सक्रिय

## 112 एवं 1098 पर भी दी जा सकेगी बाल विवाह की सूचना

कोरबा 10 अप्रैल (आरएनएस)। 17 अप्रैल को रामनवमी तथा 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व आ रहा है। इस पर्व पर बाल विवाह की घटनाओं की समय पर रोकथाम हेतु शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप रोक लगाया जाना है। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा के साथ ही साथ कानूनन अपराध है। 18 वर्ष के पूर्व लडकी तथा 21 वर्ष के पूर्व लडके का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बहुतायत से जनजाति व विशेष पिछडी जनजाति पण्डों, बिरहोर, पहाडी कोरवा आदि निवास करते है। शिक्षा के अभाव में बाल विवाह के दुष्परिणाम यथा कुपोषण, कम वजन के शिशु पैदा होने, महिलाओं में एनिमिया आदि की शिकार होने की संभावना होती है। बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण हेतु प्रत्येक ग्रामों में ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति गठित है। जिसके सरपंच अध्यक्ष तथा ग्राम सचिव (सदस्य सचिव), आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानिन व अन्य गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि आदि सदस्य है। उक्त समिति के सदस्यों व गणमान्य नागरिकों द्वारा रामनवमी तथा अक्षय तृतीया या अन्य अवसरों पर होने वाले बाल विवाह को प्रभावी तरीके से समय पर रोकथाम व बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सकता है। साथ ही जिले में बाल विवाह कराये जाने की सूचना प्राप्त हो तो उसकी सूचना अविलंब पर्यवेक्षक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, थाना प्रभारी/चैकी प्रभारी, 112 आपातकालीन नम्बर अथवा चाइल्ड हेल्प लाईन नम्बर 1098 पर सूचना दी जा सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सभी गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों, धार्मिक व वैवाहिक अनुष्ठान को संपन्न कराने वाले धार्मिक सेवा प्रदाता टेंट हाउस, डीजे बैंडबाजा, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों तथा जन प्रतिनिधियों से अपील की गई है कि, बिना आयु प्रमाण पत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में सेवाएं प्रदान न करें। बाल विवाह पर प्रभावी रोक के लिए सभी अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सके और जिलें में बच्चों के देखरख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके।



# मनोकामना के दीपों से जगमगाए मां शेरावाली के दरबार, हजारों की संख्या में पहुंच रहे भक्त



कोरबा

चैत्र प्रतिपदा के साथ ही हिंदू नववर्ष की शुरूवात मंगलवार को हो गई । शहर के प्रमुख सर्वमंगला मंदिर सहित जिले भर के विभिन्न देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ मनोकामना दीप प्रज्वलित किए गए। पहले दिन से ही आस्थावान श्रद्धालुओं कतार मंदिरों में लगी रही। मंदिरों ज्योतिकलश की रोशनी साथ वातावरण नवरात्र का उत्साह उमड़ पड़ा है। वासंती शक्ति पूजा चैत्र नवरात्र शुरू होने के साथ पूरा शहर गांव शक्ति की भक्ति में लीन हो गया है।

नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में अपार उल्लास देखा जा रहा है। हिंदू नववर्ष की शुरूआत के अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। नवरात्र पर्व को लेकर मंगलवार को मंदिरों में दीप ज्योति प्रज्वलित की गई। सर्वमंगला मंदिर में शुभ मुहुर्त में दीप प्रज्वलित करने की भक्तों में उत्साह रही है। सुबह से ही दर्शनार्थी भक्तों की मंदिर में कतार लग गई थी।

**संपादकीय**

## देश की जनता को दिखाया सेना का पराक्रम

पाकिस्तान में फ़ौज के क़रीबी माने जाने वाले पत्रकार बड़े विश्वास के साथ ये कह रहे हैं कि ये नरेंद्र मोदी हुकूमत की नई पॉलिसी है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के निर्देशन में अंजाम दी जा रही है। पाकिस्तान से लेकर अमेरिका और कनाडा तक, भारत के दुश्मन आतंकवादियों की हत्या की ये पॉलिसी 2019 में शुरू हुई। हालांकि, भारत ने दो टूक लफ़्ज़ों में कहा है कि दूसरे देश की धरती पर हत्याएं कराना उसकी नीति नहीं है। विदेश मंत्रालय ने जवाब में कहा है कि ये स्टोरी पूरी तरह से काल्पनिक है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी कह चुके हैं कि गैरकानूनन हत्याएं करवाना भारत की पॉलिसी नहीं है। हां, भारत ने पाकिस्तान में दो बार घुसकर हमला किया, आतंकवादियों को मारा लेकिन, जब भी भारत ने ऐसा किया तो सीना ठोककर उसे क़बूल भी किया और दुनिया को बताया कि भारत ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी ठिकाने तबाह किए हैं। पहली सर्जिकल स्ट्राइक भारत ने 2016 में उरी के आतंकवादी हमले के बाद POK में की थी। वहीं, 2019 के पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद, भारत ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादियों के अड्डों को बमबारी करके तबाह किया था। तब भारतीय वायु सेना के हमले में तीन सौ से ज़्यादा आतंकवादी मारे गए थे। प्रधानमंत्री मोदी खुद सार्वजनिक रूप से इन हमलों के बारे में देश की जनता को बताया था।



## क्षत्रिय समाज द्वारा पगड़ी धारण करने पर भी विरोध क्यों –

दिव्य अग्रवाल (लेखक व विचारक)

सनातन धर्म में क्षत्रिय समाज का महत्वपूर्ण स्थान है इतिहास से लेकर वर्तमान तक धर्म हेतु क्षत्रिय समाज ने असंख्य बलिदान दिए हैं , असंख्य माताओं की गोद सुनी हुई है , सनातन के गौरव और अपने आत्मसम्मान के लिए असंख्य क्षत्राणियों ने अग्नि का आलिंगन कर अपने प्राण आहुत किए हैं । अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर हेतु मुगलो से युद्ध करने तक वर्तमान मंदिर बनने तक कई पीढ़िया संघर्ष करते हुए अमर हुई हैं । मंदिर संघर्ष हेतु तो अवध क्षेत्र के क्षत्रिय समाज के कई कुलो ने तो सर पर पगड़ी और पैर में जूती धारण करना ही त्याग दिया था । परन्तु जब अविभाजित होकर हिन्दू समाज ने मोदी सरकार को भारत की जिम्मेदारी दी तब मोदी सरकार ने असंख्य राम भक्तो के संघर्ष को सार्थक करते हुए प्रभु श्री राम के मंदिर का भव्य निर्माण कराते हुए उन सभी क्षत्रिय समाज का गौरव भी बढ़ाया जिहोने पगड़ी का त्याग किया हुआ था । जिस दिन मंदिर में प्रभु श्री राम विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई उसी दिन अवध के क्षत्रिय समाज ने सर पर पगड़ी और पैरो में जूती धारण कर ली थी । अतः क्षत्रिय समाज में भृम की स्थिति बनाकर जो लोग मोदी सरकार को क्षत्रिय विरोधी बता रहे हैं यह सर्वथा गलत है । प्रभु राम सबके हैं परन्तु क्षत्रिय समाज में जन्म लेने के कारण प्रभु राम क्षत्रिय समाज के इष्ट देव भी हैं जिनका अयोध्या के मंदिर में पुनः स्थापित होना क्षत्रिय समाज के लिए सबसे बड़ा गौरव है। अतः सनातन समाज को यह बिलकुल भी नहीं भूलना चाहिए की मोदी सरकार का समर्थन किसी विशेष जाती का नहीं अपितु सम्पूर्ण सनातनी समाज का समर्थन है ।



# आप के आदर्श शिक्षा मॉडल की स्थिति चिन्तनीय



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

**देश ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपने शिक्षा मॉडल को अनुकरणीय बताया एवं अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि के रूप में बहुप्रचारित किया लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में इसकी पोल खुल गयी। न्यायालय ने दिल्ली की स्कूलों की स्थिति अत्यंत चिन्तनीय, दुखद एवं अपर्याप्त बताते हुए दिल्ली के शिक्षा सचिव को फटकार लगायी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एनजीओ 'सोशल ज्यूरिस्ट, ए सिविल राइट्स ग्रुप' का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील अशोक अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत इस विषयक एक तीखी रिपोर्ट पर संज्ञान, सुनवाई एवं जांच में पाया कि इन स्कूलों में कई विसंगतियों हैं जैसे टूटी हुई डेस्क, कक्षाओं की गंभीर कमी, पीने के स्वच्छ पानी का अभाव, अपर्याप्त किताबें और लेखन सामग्री।**

कई स्कूलें टिन बिल्डिंग में चल रही है एक स्कूल में 1,800 लड़कियां और 1,800 लड़के डबल शिफ्ट में पढ़ते हैं। कुछ कक्षाओं में दो-दो कक्षाओं के छात्र एक साथ बैठकर पढ़ते हैं। जब शिक्षा सचिव ने बदहाली की पुष्टि की तो जस्टिस मनमोहन ने कहा कि आपकी इसी लापरवाही की वजह से तिहाड़ जेल में समस्या और भीड़ दोनों बढ़ी है। तिहाड़ जेल में दस हजार कैदियों की क्षमता है, लेकिन वहां 23 हजार हैं। वजह अशिक्षा एवं दूषित शिक्षा है जिससे युवा पीढ़ी का भविष्य को बर्बाद हो रहा है। केजरीवाल सरकार ने शराब घोटाला ही नहीं, शिक्षा घोटाला भी किया है।

केजरीवाल सरकार ने अपनी उपलब्धियों के नाम पर दो उपक्रम प्रमुखता से गिनाये हैं एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक। दिल्ली के सरकारी स्कूलों की दशा एवं दिशा न केवल बिगड़ी है, बल्कि रसातन में चली गयी है। मौहल्ला क्लीनिकों की स्थिति भी दयनीय है। दिल्ली से शुरु हुई उन्नत शिक्षा की पहल को देश के अन्य प्रांतों ही नहीं, बल्कि दुनिया के अनुकरणीय बताने वाले केजरीवाल ने शिक्षा के बुनियाद क्षेत्र को भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। शिक्षा जैसे मूलभूत क्षेत्र को राजनीतिक नजरिये से देखना एवं उन्नत इंसानों को गढ़ने की इस प्रयोगशाला से खिलवाड़ करना, शर्मनाक घटनाक्रम है। आप की सरकार ने साल 2015 से साल 2024 के बीच 'शिक्षा सबसे पहले या एजूकेशन फ़र्स्ट' जैसा आकर्षक नारा देकर दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूलों में नई जान फूंकने के नाम पर दिखावा किया। कुछ स्कूलों को अत्याधुनिक बनाकर दिल्ली की समस्त स्कूलों का कायाकल्प करने की बात करने वाली केजरीवाल सरकार ने करोड़ों रूपये विज्ञापनों पर खर्च किये।

आप सरकार ने शिक्षा मंत्रालय संभाले उनके नायब/उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के नेतृत्व में शिक्षा के लिए अधिकतम राशि का आवंटन किया, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण की नई तकनीक और विद्यार्थियों के वास्ते नए पाठ्यक्रम लागू किए तथा स्कूलों का दम तोड़ता बुनियादी ढांचा सुधारने के लिए जी खोल कर धन मुहैया कराया। लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हुई दिल्ली की स्कूलों की दर्दनाक स्थितियां बताती है कि वह सरकारी खजाना अगर स्कूलों में खर्च होता तो स्कूलों की यह दुर्दशा देखने को नहीं मिलती। स्पष्ट है स्कूलों के नाम पर आवंटित बजट में बड़ा घोटाला हुआ है, उसकी स्वतंत्र जांच होनी ही चाहिए। दिल्ली उच्च न्यायालय में ही एक अन्य याचिका में यह तथ्य भी सामने आया कि दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के स्कूलों में पढ़ने वाले छह लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाली सुविधाएं जैसे यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि नहीं मिल पा रही हैं। याचिका में कहा गया है कि राइट ऑफचिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी एजुकेशन एक्ट, दिल्ली राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपल्सरी रुल्स और दिल्ली स्कूल एजुकेशन एक्ट के नियमों के मुताबिक बच्चों को शिक्षण सत्र के शुरू में ही उन्हें स्कूल यूनिफॉर्म, शिक्षण सामग्री इत्यादि सुविधाएं मिलनी चाहिए। याचिका में कहा गया है दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ने वाले 2,69,488 छात्र और दिल्ली नगर निगम में पढ़ने वाले 3,83,203 छात्र शिक्षा के अधिकार कानून के तहत मिलने वाले वैधानिक सुविधाओं से वंचित हैं। याचिका में 14 नवंबर 2023 के ऑडिट मेमो का जिक्र किया गया है जिसमें कहा गया है कि 2016-17 से शिक्षण सत्र से दिल्ली नगर निगम के छात्रों को वैधानिक वित्तीय सुविधा नहीं दी जाती हैं। विडम्बना देखिये दुनिया के लिये आदर्श मॉडल के रूप में दिल्ली की सरकारी स्कूलों को प्रचारित करने वाली स्कूलों की स्थिति कितनी खतरनाक हैं। स्कूल में एक ही कमरे को साइंस लैब, आर्ट रूम और लाइब्रेरी के तौर पर प्रयोग किया जा रहा है। एक कक्षा में 70 से 80 बच्चे हैं। दोनों पालियों में लगभग 4 हजार छात्र-छात्राएं यहां पढ़ते हैं। स्कूल में कुल 15 कमरे हैं, लेकिन अधिकारिक तौर पर 7 साल पहले इस स्कूल को असुरक्षित घोषित किया गया है।



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के उस शिक्षा मॉडल की जिसका डंका वे दिन रात बजाते हैं। यहां तक कि न्यूयार्क टाइम्स में भी दिल्ली के शिक्षा मॉडल की तारीफों के पुल बांधते हुए लेख लिखे जाते हैं। उस शिक्षा मॉडल का यथार्थ बहुत भद्दा एवं खौफनाक है। शिक्षा के नाम पर एक बदनुमा दाग है। जिसकी झलक प्रजा फाउंडेशन एनजीओ की व्हाइट पेपर रिपोर्ट में मिलती है। यह रिपोर्ट केजरीवाल के दावे को मुंह चिढ़ा रही है। इस रिपोर्ट के मुताबिक अरविंद केजरीवाल के सत्ता में आने के बाद से दिल्ली के सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट बढ़ गया। साल 2014-15 में सरकारी स्कूल में ड्रॉप आउट रेट जहां 2.9 प्रतिशत था, दो साल के भीतर 2016-17 तक आते आते ड्रॉप आउट रेट 3.4 प्रतिशत हो गया। दिल्ली ईकोनॉमिक सर्वे 2021-22 में दिए गए आकड़े मुख्यमंत्री के प्रचारतंत्र से वादा खिलाफी कर रहे हैं। ये आंकड़े सरकार पर सवाल उठाते हुए बता रहे हैं कि अगर शिक्षा व्यवस्था सुधर रही है तो साल दर साल सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या घट क्यों रही है। ईकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक 2014-15 में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 15.42 लाख थी जो घटते-घटते 2017-18 में 14.81 लाख रह गई।

नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड ने दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था को लेकर जो रिपोर्ट जारी किया उसमें स्कूलों में प्रिंसिपल की कमी, ड्रॉप आउट, छात्र-शिक्षक अनुपात जैसी समस्या सामने उभर कर आई। इस रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के छात्रों में सीखने की क्षमता राष्ट्रीय औसत से कम है। सरकारी स्कूल में दाखिले के विपरीत प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या में लगातार वृद्धि आई है। साल 2014-15 में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 13.47 लाख थी जो 2020-21 में बढ़ कर 17.82 लाख हो गई। यानी 2014-15 से लेकर 2020-21 तक 6 साल के अंतराल में दिल्ली के प्राइवेट स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में जहां 4 लाख 85 की वृद्धि हुई, वहीं सरकारी स्कूल में दाखिला लेने वाले बच्चों की संख्या में महज 78 हजार की वृद्धि हुई। आप की 2020 के विधानसभा चुनाव में फिर से लगातार जबरदस्त जीत में सरकारी विद्यालय प्रणाली में सुधार के झूठे एवं भ्रामक दावों का ज़बरदस्त हाथ है, लेकिन अब इसकी सच्चाई धीरे-धीरे परत-दर-परत खुलने लगी है। आजादी का अमृत काल में दिल्ली की सरकारी स्कूलों का गिरता शिक्षा स्तर एवं बुनियादी सुविधाओं का अभाव आप सरकार पर एक बदनुमा दाग है, एक बड़ी नाकामी का द्योतक है। प्रश्न है कि किसे फिक्र है हमारी शिक्षा की? प्रश्न यह भी है कि झूठे प्रचार एवं दावों के बल पर आप सरकार कब तक दिल्ली की भोली-भाली जनता को गुमराह करती रहेगी? स्कूली शिक्षा में 'क्रांति' लाने के आप के दावे बच्चों के भविष्य से कब तक खिलवाड करते रहेंगे?

**यह निजी विचार है।**

# राष्ट्रवाद, राष्ट्र के प्रति सर्वांगीण समर्पण। राष्ट्र निर्माण में सम्यक उपादेयता

**राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह अछुता नहीं रहा हैद्य वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती हैद्य लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है**



देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं।

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती हैद्य जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती हैद्य अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव अवसरवाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैंद्य भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैंद्य यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैंद्य लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण हैंद्य अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी अलोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं। लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भी अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। बीसवीं सदी के लगभग सभी गांव द्वारा किस प्रकार के सैनिक राष्ट्रवाद द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाकर लोकतंत्र को रोकने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए रो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की छांव की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचरिता, अवसरवादीता एवं एल्केन सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। पता अवसरवादी लोकप्रियता वादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए।परिणाम स्वरूप जनता ,सरकार ,राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा। एवं हम सभी के समेकित प्रयास से लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों एवं उसकी मूलभूत अवधारणाओं की रक्षा हो सकेगी।

**यह निजी विचार है।**

## खास खबर

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को बताया गया मतदान का महत्व

**दंतेवाड़ा।** लोक सभा निर्वाचन 2024 के परिप्रेक्ष्य में स्वीप कार्यक्रम के तहत बृहद पैमाने पर मतदाता जागरूकता के मद्देनजर जिले के ग्राम पोंडूम में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने हेतु आम लोगों को प्रेरित किया गया। नाटक के माध्यम से उपस्थित आम ग्रामीणों को एक-एक वोट के महत्व के बारे में प्रस्तुति दी गई। नाटक में बताया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना मौलिक अधिकार है। और आपके द्वारा किया गया मतदान पूर्ण रूप से गोपनीय रहता है। इसलिए निर्भय होकर अपने क्षेत्र विकास के लिए प्रत्येक चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए और सुदृढ़ लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाने के लिए स्वयं तथा आस पास के लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। और मतदान जागरूकता से संबंधित पोस्टर होर्डिंग के सहायता से ग्रामीणों को मतदान के दिन मतदान करने को कहा गया। साथ ही साथ आम लोगों से अपील किया गया कि लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर एक सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

### मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेज मान्य

**सूरजपुर।** लोकसभा चुनाव के होने वाले मतदान के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के साथ अन्य वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों को भी मान्यता दिया गया है। मतदाता किसी कारणवश पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो उसे वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज के रूप में मान्य दस्तावेजों में से किसी एक को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। मतदाता को अपनी पहचान के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों की ओर से अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों की ओर से जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, आरजीआई एवं एनपीआर द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, योजना द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, निर्वाचन तंत्र द्वारा जारी फोटो मतदाता पर्ची व आधार कार्ड दिखाने होंगे।

### कलेक्टर अग्रवाल को मीडिया की मौजूदगी में सौंपा गया वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रोविजनल प्रमाण पत्र

# नारी शक्तियों ने मतदाता जागरूकता में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

गरियाबंद। लोकसभा निर्वाचन के तहत जिलेवासियों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मतदाता जागरूकता अभियान में जिले की महिलाओं ने गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में गरियाबंद जिले का नाम दर्ज कराया। जिले की लगभग 1 लाख महिलाओं ने निर्धारित समय में अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी लेकर रिकॉर्ड कायम किया।



गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के छत्तीसगढ़ हेड सोनल राजेश शर्मा ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल को कलेक्टर सभाकक्ष में मीडिया की मौजूदगी में प्रोविजनल प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किया। दरअसल कलेक्टर अग्रवाल के नेतृत्व में आज सेल्फी विथ एपिक अभियान चलाया गया।

इसके तहत जिले की महिलाओं ने एपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर में प्रेषित किया। नवरात्रि के पहले दिन जिले की नारी शक्तियों ने सेल्फी विथ ईपिक अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। परिणामस्वरूप लगभग 1 लाख महिलाओं ने ईपिक कार्ड के साथ सेल्फी लेकर प्रेषित किए। मतदाता जागरूकता के इस अनोखे अभियान से वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। वर्ल्ड रिकार्ड की जानकारी देने आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के छत्तीसगढ़ हेड सोनल राजेश शर्मा ने जिले की महिलाओं एवं जिला प्रशासन को बधाई देते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता के तहत किए गए सेल्फी विथ ईपिक अभियान से लोगों में मतदान के प्रति जागरुकता आएगी। साथ ही परिवार एवं आस पड़ोस के लोग अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने आज जिले में अनोखा अभियान चलाया गया। जिलेवासियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने सेल्फी विथ ईपिक अभियान चलाया गया। इसके तहत जिले की नारी शक्तियों ने अपने मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी ली। लगभग एक लाख महिलाओं ने सेल्फी लेकर जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर पर प्रेषित किया। इस प्रकार जिले की महिलाओं ने मतदाता जागरूकता के तहत निर्धारित समय में लगभग एक लाख सेल्फी लेकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में गरियाबंद जिले का नाम दर्ज कराया। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि इसमें जिले की नारी शक्तियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए एक लाख से अधिक सेल्फी भेजें। उन्होंने रिकॉर्ड कायम करने पर जिले की महिलाओं और जिला प्रशासन की टीम को भी बधाई दी।

## डोगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों के सुरक्षित आवागमन के लिए कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक बनाये गये कोरिडोर

**राजनांदगांव।** जितेन्द्र शुक्ला, पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा दर्शन के लिए डोगरगढ़ जाने वाले पदयात्रियों एवं वाहन चालको के सुरक्षित आवागमन के लिए दिये गये निर्देश पर सतीष ठाकुर, सदानंद विध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) के नेतृत्व में दुर्ग पुलिस द्वारा कुम्हारी से अंजोरा बाईपास तक सुरक्षित कोरिडोर बनाकर रूट निर्धारित किये गये है।




जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से 04 पेट्रोलिंग वाहन तैनात किये गये है, जो लगातार 24 घण्टे 09 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पेट्रोलिंग करेगें। जो लाउड स्पीकर के माध्यम से पदयात्रियों को बाएं चलने के निर्देश देते रहेगें और इस मार्ग में किसी प्रकार का अवरूद्ध उत्पन्न नहीं होने देगें। इसी प्रकार पदयात्रियो के सहायता के लिए अस्थाई पुलिस सहायता केन्द्र बनाये गये है।

पदयात्रियो के लिए बनाये गये रूट चार्ट - कुम्हारी टोल प्लाजा- सिरसा गेट चौक-डबरापारा तिराहा-खुर्सीपार तिराहा-पावर हाउस अण्डर ब्रिज-मुर्गा चौक-सेन्ट्रल एवेन्यु होते हुए सेक्टर-09 चौक-ठगडा बांध ओवर ब्रिज-जेल तिराहा-गांधी तिराहा-पटेल चौक-पुलगांव चौक-शिवनाथ नदी ब्रिज-अंजोरा बाईपास-राजनांदगांव से होकर डोगरगढ़ जायेगें। दर्शन के लिए जाने वाले पदयात्रियों से अपील - पदयात्री अपने बैग में रेडियम स्टीकर लगाकर चले एवं रफ्लेक्टिव कपडे पहने डार्क कलर का कपडा ना पहनें ताकि वाहन चालक को आप आसानी से दिखाई दे सकें। सड़क के एकदम किनारे बांये ओर चले वाहन चलने वाले सडक पर ना चले ताकि दुर्घटना से बच सकें। देर रात यात्रा प्रारंभ करने से बचें। प्रशासन द्वारा निर्धारित पदयात्रा मार्ग पर ही चले। पदयात्रा के दौरान सड़क पर विश्राम ना करे अन्यथा एक गंभीर दुर्घटना के शिकार हो सकते है। पदयात्रा मार्ग पर बांये ओर वाहन चल रहे होगें अत: सचेत एवं चौकन्ना होकर पदयात्रा करें। हाईवे में सर्विस लेन का प्रयोग करे।

दर्शन के लिए वाहन से जाने वाले वाहन चालको से अपील - देर रात यात्रा करने के बचे, अधूरे नींद (अनिंद्रता) में वाहन ना चलाये। वाहन में क्षमता से अधिक सवारी ना बैठायें। शराब एवं किसी भी प्रकार का मादक पदार्थ का सेवन कर वाहन ना चलाये। सड़क पर वाहन पार्क ना करें। कुम्हारी से डोगरगढ़ तक वाहनों का रूट निर्धारित किया गया है।

## हिन्दू नववर्ष और नवरात्र पर मतदान 'कलश यात्रा' से सराबोर हुआ क्षेत्र

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्र के पहले दिन के विशेष मंगल बेला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू और नोडल अधिकारी स्वीप सह परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बरमकेला के सभी ग्राम पंचायतों में वृहद रूप से गांव-गांव में धार्मिक पर्व के रूप में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

भारत गांवों में बसता है, वाक्य को चरितार्थ करते हुए ग्रामीणों ने भारत के लोकतंत्र के पर्व देश के गर्व को धार्मिक रंग में ''कलश यात्रा'' के रूप में ग्रामीण मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। बरमकेला ब्लॉक के इस वृहद आयोजन में सभी किशोर, युवा, बुजुर्ग महिला पुरूषों ने सहयोग प्रदान किया, जिसमें लगभग 5000 से अधिक लोग शामिल हुए और मतदान करने हेतु सामूहिक संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रंगोली, कलश सजाना, मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सभी महिलाएं धार्मिक पर्व पर जिस प्रकार से कलश यात्रा में वस्त्र, श्रृंगार के साथ कलश का धारण करती हैं, ठीक वैसे ही इस मतदाता जागरूकता अभियान के कलश यात्रा में वस्त्र, श्रृंगार के साथ कलश का धारण की थीं। इससे समूचा बरमकेला ब्लॉक मतदान के कलश यात्रा से सराबोर रहा।

## चेम्बर भवन में जीएसटी कार्यशाला का आयोजन

**कोरबा।** जिला चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा द्वारा सोमवार 8 अप्रेल को शाम 5 बजे जी.एस.टी. से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला एवं परिचर्चा में स्टेट जी.एस.टी. कोरबा वृत्त 2 के सहायक आयुक्त एम.एल. निर्मलकर एवं कीर्तिका राज तथा राज्यकर अधिकारी एच.के. देवांगन ने व्यापारियों की शंकाओं व समस्याओं का समाधान किया।



सहायक आयुक्त एम.एल. निर्मलकर ने कहा कि व्यापारियों द्वारा नियमित व निर्धारित समय पर कर भुगतान किये जाने की स्थिति में जी.एस.टी. के प्रावधान अत्यंत सहज व सुगम हैं। यदि नियमित कर भुगतान नहीं किया जाता है उस स्थिति में भी उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान मौजूद हैं। आप लोग सकारात्मक रवैया अपनाते हुए बेझिझक सम्पर्क कर सकते हैं, हम सदैव आपके साथ हैं। अनेक प्रश्नों के समुचित समाधान प्रस्तुत करने के पश्चात उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के सेमिनार का आयोजन प्रतिमाह किया जाना चाहिए। इस पर सभी उपस्थित व्यापारियों ने अपनी सहमति जताई। इस सेमिनार में जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष श्री रामसिंह अग्रवाल के साथ वर्तमान अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री विनोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रामानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल, सहित अन्य पदाधिकारी एवं सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित थे।

# कलेक्टर धर्मेश साहू ने किया प्याऊ केंद्र का उद्घाटन

सारंगढ़ बिलाईगढ़ । भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल पेयजल उपलब्ध कराने भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ स्थानीय संघ सारंगढ़ द्वारा राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी, जिला शिक्षाधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त एस एन भगत के निर्देशन में सारंगढ़ में प्याऊ केंद्र का उद्घाटन कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू एवं आजीवन सदस्य तथा समाजसेवी महेंद्र केजरीवाल द्वारा जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिंह साहू, जिला संगठन आयुक्त लिंगराज पटेल ,जिला संयुक्त सचिव बृंदा साहू की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया।




कलेक्टर ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स का कार्य प्रशंसनीय है। विकासखंड सचिव ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि इस प्याऊ कार्य में कन्या शाला सारंगढ़ एवम आसपास के विद्यालय के स्काउट्स एवम गाइड्स गर्मी भर प्याऊ केंद्र में अपनी सेवाएं देंगे। विदित हो कि जिला सचिव दीपक कुमार पांडे ,जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकर लाल साहू, जिला मुख्यालय आयुक्त पवन कुमार नायक आदि स्काउट गाइड के पदाधिकारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकास खंडों में प्याऊ केंद्र गर्मी भर संचालित किए जाएंगे।

सारंगढ़ के प्याऊ केंद्र उद्घाटन के अवसर पर जिला कार्यालय सहायक कन्हैया लाल लहरे,वृंदा साहू, गुणवती साहू, उषा निराला, रुकमणी देवांगन, भगवान प्रसाद बसंत आदि उपस्थित थे। ये सभी गर्मी भर प्याऊ केंद्र का संचालन करने में सहयोग करेंगे। इसी तारतम्य में सरसीवां प्याऊ केंद्र में भागवत साहू,धात्री नायक ,मीना जांगड़े,गाताडीह में शंकर लाल साहू,पूनम सिंह साहू, भटगांव में कुशल कुमार मिरी,मनोहर लाल साहू , बरमकेला में राजाराम साहू, समयलाल काठे आदि स्काउटर गाइडर गर्मी भर प्याऊ केंद्र का संचालन करेंगे।

### मतदान के लिए नेवता तुंहर दुवार आमंत्रण लेकर बिरहोर बस्ती पहुंचे कलेक्टर गोयल

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को दिलाई शपथ

रायगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के नेतृत्व में जिला प्रशासन मतदान के लिए नेवता तुंहर दुवार आमंत्रण लेकर विकासखंड तमनार के विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर बाहुल्य ग्राम कचकोबा पहुंचे। जहां स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।



कलेक्टर गोयल ने कहा कि सभी मतदाता मतदान अवश्य करें। उन्होंने इस दौरान बुजुर्ग एवं नए मतदाताओं को श्रीफल देकर सम्मानित किया। कलेक्टर गोयल ने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है, इसमें सबकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय बोली बिरहोर में 'इंग भारत इया अथरे भारत इदना' मैं भारत हूं, भारत है मुझमें कहते हुए कहा की हम सब से देश हैं और हमें देश के लिए अपना बहुमूल्य वोट देना आवश्यक है। उन्होंने आगामी 7 मई को मतदान दिवस के दिन सभी लोगों को अवश्य मतदान करने की अपील की। इस दौरान कलेक्टर गोयल ने वृद्ध मतदाता श्रीमती समारी, एतवारिन बिरहोर, अजीराम बिरहोर सहित नये मतदाता गीता बिरहोर, नरेशी बिरहोर, सुमित्रा बिरहोर, रामेश्वरी से चर्चा की तो उन्होंने परिवार संग अन्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा निर्वाचन में लोगों की सहभागिता बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदान हेतु विकासखंड पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें बड़ी संख्या में जन सामान्य शामिल हो रहे है और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी कर रहे है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा जिले के 461 बिरहोर मतदाताओं को नेवता तुहर दुवार आमंत्रण पत्र प्रदान कर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया।

इस अवसर पर एसडीएम श्री रमेश मोर, तहसीलदार रिचा सिंह, सीईओ जनपद पंचायत वीरेन्द्र सिंह राय, बीएमओ मिंज, बीईओ श्रीमती मोनिका गुप्ता, पशुपालन विभाग से कुशवाहा, सीडीपीओ अर्चना मरकाम एवं उद्यान अधिकारी संजय भगत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कचकोबा में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में ग्रामवासी काफी उत्साहित नजर आए। लोगों ने आगामी होने वाले निर्वाचन के दिन शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील करते हुए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के साथ उत्सुकता के साथ सेल्फी ली।

कलेक्टर गोयल ने आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदान हेतु लोगों को शपथ दिलाई। इस दौरान बिरहोर बस्ती के लोगों ने स्थानीय बिरहोर बोली में अंकित श्लोगन के माध्यम से आगामी 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित किया।

### तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

बिलासपुर, (आरएनएस)। नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपियों में एक किशोरी का एक्स बॉयफ्रेंड श्याम नायक भी शामिल है। वह अपने साथी ओम अहिरवार और एक नाबालिग के साथ मिलकर गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया था। सिटी कोतवाली पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है। बता दें कि पीड़िता 16 साल की नाबालिग कपड़ा दुकान में काम करती है। वह बीते मंगलवार की रात 9.30 बजे दुकान से काम कर घर लौट रही थी। इसी दौरान सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पास से किशोरी का उसके एक्स बॉयफ्रेंड श्याम नायक और उसके साथियों ओम अहिरवार और एक नाबालिक ने अपहरण कर लिया, फिर देवरीखुर्द क्षेत्र के एक सुने मकान में ले जाकर उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी दूसरे दिन सुबह 7 बजे उसे वापस महारानी स्कूल के पास छोड़कर भाग निकले। वहां से पीड़ित किशोरी अपने घर पहुंची और घटना की जानकारी परिजनों को दी। जिसके बाद नाबालिग परिजनों के साथ सिटी कोतवाली थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### सरकारी योजनाओं के नाम पर ठगी, महिला गिरफ्तार

कोरबा 28 मार्च (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में सरकारी योजनाओं के नाम पर कई लोगों से ठगी करने वाली शातिर महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक ठगी की शिकायत पर साजदा बेगम को गिरफ्तार किया गया है।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

## चरणदास महंत का देशभक्त नरेंद्र मोदी के बारे मे अपशब्द कहना लोकतंत्र के ऊपर हमला: गुलाब चंदेल



**जांजगीर चांपा/** कांग्रेस नेता चरणदास महंत का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर लगातार दुसरी बार अपशब्द कहने वाले बयान पर पलटवार करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जैसे देशभक्त को चरणदास महंत का अमर्यादित बयान डिफाल्टर जैसे अपशब्द कहना उनकी छोटी मानसिकता को दिखाता है । मोदी के गारंटी वाले सवाल के जवाब मे चंदेल ने कहा कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व मे ये देश लगातार दस साल से जनता से किए गए सभी वादे पुरे किए है जो उनकी गारंटी को सही साबित करता है और उनकी गारंटी का परिणाम है कि 2023 के विधानसभा चुनाव मे छग की जनता ने कांग्रेस पार्टी की भूपेश सरकार को सत्ता से बेदखल कर राज्य मे भारतीय जनता पार्टी के विष्णुदेव की सरकार बनाई और यह सरकार ने 100 दिन के भीतर ही जनता से किए गए अपने सभी वादे पुरे किए चाहे वो किसानो के धान खरीदी की राशि 3100 प्रति किंवटल हो या दो साल के बकाया बोनस की हो चाहे वो 18 लाख से अधिक लोगो के आवास स्वीकृति की हो या बात 72 लाख से अधिक महतारी के खाते मे राशि डालने की हो या फिर तेनदुपता संग्रहाको को प्रति बोरा 5500 रू हो ऐसे अनेक सभी महत्वपूर्ण वादे को निभाते हुए मोदी की गारंटी को पुरा किया और ऐसे राष्ट्रभक्त के ऊपर चरणदास महंत का इस प्रकार का विवादित बयान लोकतंत्र मे अशोभनीय है जिसका भारतीय जनता पार्टी कडे शब्दो मे निंदा करती है ।

# इटालियन आका के इशारों पर नाचने वाले हमें बता रहे अंग्रेज: कमलेश जांगड़े

**संवाददाता।**

जांजगीर चाम्पा / लोकसभा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े ने कांग्रेस प्रत?याशी शिव डहरिया के बयान पर करारा पलटवार करते हुए कहा कि इटालियन आका के इशारों पर नाचने वाले लोग हमें न बताएं कि हमारी पहचान क?या है और हमारी पॉलिसी क?या है। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता हिंदुस?तानी है। हमारी पार्टी का उदय ही अंग्रेजीयत से भरी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा का सफाया करने के लिए हुआ है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों को कांग्रेस को उसकी सहीं जगह पर पहुंचाने का काम किया है। इसी का परिणाम है कि कांग्रेस के प्रत?याशी बिना सिर पैर का आरोप लगा रहे हैं।

जांगड़े ने कांग्रेस प्रत?याशी डहरिया के अपने गिरेबान में झांकने की नसीहत देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी स?थापना के समय से अंग्रेजों के इशारों पर चलती रही है। पार्टी की स्थापना सन 1885 मे एक विदेशी एओ हयूम ने की थी। जिस पार्टी की संस्कृति खुद विदेशी है और उसकी कमान भी विदेशी हाथो मे रही है जिनको न तो इतिहास का बोध है और न वर्तमान का



आजादी से लेकर आजतक जिन्होंने इस देश मे केवल परिवारवाद की राजनीति कर राज किया है। जिनके राज मे धर्मान्तरण गरीबी बेरोजगारी महिला उत्पीड़न आतंकवाद बढ़ा है जिन्होंने भारत की जनता को 60 वर्ष तक केवल और केवल लुटने का काम किया है ।

**मोदी जी के योगदान पर देश की जनता की मुहर**

हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जबसे देश को संभाला है, पूरी दुनिया में भारत का नाम ऊंचा हो गया है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी इस देश के प्रधानमंत्री बने है तब से भारत विकासशील देश से एक विकसित और सुरक्षित राष्ट्र बनने जा रहा है जहा सभी वर्ग खुशहाल है दुसरे देशो मे आज हमारे देश की ताकत मान सम्मान बढ़ाने का काम करने वाले भी हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जिनके नेतृत्व मे लगातार तीसरी बार सरकार बनाने व भारतीय जनता पार्टी 400 सीटे पार करने जा रही है।

**हमारी संस्कृति सनातन संस्कृति** - जांगड़े ने आगे कहा कि हमारी पार्टी में सभी लोग सनातन संस?कृति को मानने वाले हैं। वसुधैव कुटुंबकम आदिकाल से हमारा मूल मंत्र रहा है। सभी को गले से लगाकर सभी का सम्?मान करने की भावना पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता में रही है। सबका साथ, सबका विकास, सबका? विश्वास सबका प्रयास की भावना के साथ कार्य करते हुए भाजपा ने कश?मीर से धारा 370 हटाने काम किया। महिलाओं के लिए राजनीति में 33 फीसदी आरक्षण, सीएए , राम मंदिर अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी का वर्षों पुराना संकल?प पूरा किया

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना कंगाले ने मतदाता जागरूकता के हेलमेट






**रायपुर लोकशक्ति।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आज हेलमेट स्टीकर का विमोचन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी श्री संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता के अभिनव कार्य किए जा रहे है। इसी कड़ी में दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। लोकसभा निर्वाचन में अधिक से अधिक नागरिक मतदान का हिस्सा बने। कलेक्टर ने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए अधिकारी व कर्मचारी के हेलमेट में स्टीकर लगायेंगे। जिसे लोग मतदान के प्रति जागरूक होंगे।

# बिजली आपूर्ति की निरंतरता व बहाली में लापरवाही बर्दाश्त नहीं- दयानंद




**कंपनी अध्यक्ष के तीखे तेवर, कड़ी कार्यवाही की चेतावनी**

रायपुर, । छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष एवं ऊर्जा विभाग के सचिव श्री पी.दयानंद ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वितरण कंपनी के क्षेत्रीय प्रमुखों को कड़े निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि असावधानी के कारण बिजली आपूर्ति असामान्य रूप से बाधित रहने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। मरम्मत के लिए बिजली आपूर्ति बंद करने की सूचना उपभोक्ताओं को मीडिया के माध्यम से अनिवार्य रूप से दी जाए। ऐसा कोई भी कार्य जनता को विश्वास में लेकर किया जाए। प्रदेश के कुछ स्थानों से बिजली की ऑंख -मिचौली की खबरों को गंभीरता से लेते हुए श्री दयानंद ने आज विद्युत सेवा भवन ,डंगनिया रायपुर में एम डी सहित वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें क्षेत्रीय ईडी एवं मुख्य अभियंताओं को वीसी के माध्यम से जोड़ा गया। श्री दयानंद ने क्षेत्रीय प्रमुखों से उनके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली । कुछ क्षेत्रों में अधिक शिकायतें पाये जाने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की ,वहीं जहां न्यूनतम समय में रेस्पांस और सुधार की जानकारी मिली ,उसकी उन्होंने तारीफ की। श्री दयानंद ने मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे अपने फील्ड में लगातार दौरा करें, उपभोक्ताओं और फील्ड स्टाफ के नियमित संपर्क में रहें । नियमित रखरखाव की निगरानी करते रहें और ब्रेक डाउन की स्थिति में फौरन सुधार सुनिश्चित करें। गर्मी की पीक डिमांड आना अभी शेष है अतः उसके लिए पूरी तरह सतर्क और सावधान रहें। इन दिनों लोड बढ़ना,आंधी-तूफान आना आम बात है पर उसका सही प्रबंधन करना हमारा कर्तव्य है,इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री दयानंद निर्देश दिये कि दफ्तर और फील्ड में सामंजस्य का पूरा ध्यान रहे । उपभोक्ताओं की बिजली दफ्तरों में पूरी संजीदगी के साथ सुनवाई हो और समाधान मिले, यह सुनिश्चित होना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यालय में एम डी पारेषण एवं वितरण श्री आर.के.शुक्ला,ईडी श्री भीमसिंह,श्री संदीप वर्मा, श्री आर.सी.अग्रवाल एववं सीई श्रीआनंद राव आदि उपस्थित थे।

जनता से अपील .....

श्री दयानंद ने आम जनता से अपील की है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में संबंधित निकटस्थ कार्यालय में शिकायत अवश्य करें लेकिन तोड़ - फोड़ जैसी हिंसक कार्रवाई नहीं करें। बिजली का अधिकतर वितरण- तंत्र खुले में होने के कारण मौसम से प्रभावित होता है । ब्रेक - डाउन की स्थिति में फाल्ट खोजने और सुधार का काम सुरक्षित व शांतिपूर्ण वातावरण में ही संभव होता है।

## रेलवे ट्रेक में मिला क्षत-विक्षप्त शव

कोरबा-रायपुर शहर के टीपी नगर के निकट रेलवे ट्रेक में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षप्त शव मिला है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से कटकर उसकी मौत हुई है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव चीरघर भिजवा दिया है तथा प्रकरण जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ट्रांसपोर्ट नगर के पास एक व्यक्ति का शव पाया गया है। मालगाड़ी से कटकर उसने अपनी जान दी है या फिर वह हादसे का शिकार हो गया है, इसका खुलासा अभी नहीं जो पाया है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र की है। कोरबा में टीपी नगर और सीएसईबी चौक के मध्य मालगाड़ी से कटकर एक व्यक्ति ने अपनी जान दे दी है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं मृतक की हादसे में मौत हुई है, या फिर उसने खुदकुशी करने की मंशा से यह कदम उठाया है, इस बात का भी पता नहीं चल सका है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई। रात करीब 11 बजे सामने आई इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# बच्चों की अश्लील फोटो पोस्ट करने वालों पर अब होगी सख्ती

**मुंगेली-रायपुर,** मुंगेली पुलिस ने विभिन्न सोशल मीडिया साइट्स फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल प्लेटफॉर्म पर बच्चों से सबंधित अश्लील फोटो, वीडियो और अन्य कंटेंट पोस्ट करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है. जिले के कई थानों में 11 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. साथ ही मामले के कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। बता दें कि एनसीआरबी नई दिल्ली से प्राप्त साइबर टिपलाइन रिपोर्ट पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे. जिसके बाद आईटी एक्ट के तहत 17 मामले में अपराध दर्ज किया गया है. जानकारी के अनुसार, थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में 5 प्रकरण, थाना लोरमी में 6 प्रकरण, थाना पथरिया में 4 प्रकरण और थाना लालपुर में 2 मामले दर्ज किए गए हैं. मामले के सभी आरोपियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# प्रतिभागियों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश




**जांजगीर-चांपा** /कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जांजगीर श्री गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता हेतु निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में संपन्न हुआ। निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन में जिले के सभी विकासखण्डो के प्रतिभागियो ने भाग लिया एवं उन्हें मतदाता जागरुकता शपथ दिलाया गया एवं शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राशिका पात्रे सेजेस अकलतरा, द्वितीय स्थान रिमा पटेल सेजेस बीडीएम सारागांव, तृतीय स्थान वंदना केंवट शास. हा.से. स्कूल पंतोरा (बलौदा) रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पूजा श्रीवास सेजेस पोड़ीदल्हा अकलतरा द्वितीय स्थान ईषा कर्ष शास.हा.से. स्कूल पंतोरा (बलौदा) तृतीय स्थान जारा निशा शास.हा.से. स्कूल बरपाली (बम्हनीडीह) रहे। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियो तथा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त छात्र-छात्राओ को सांत्वना पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में अन्य विकासखण्डो से प्रतिभागियो को लेकर उनके विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे क्रमशः श्री राजेश राठौर व्या. बरपाली चांपा, श्री सर्वेश कुमार यादव व्या. पंतोरा, श्री अरुण तिवारी प्राचार्य सेजेस बीडीएम सारागांव श्रीमती स्मृति तिर्की सहा.शि. सेजेस बीडीएम सारागांव, श्रीमती श्रृया यादव श्री अरविंद दुबे सेजेस पोड़ीदल्हा, श्री अशोक कुमार कंवर सहा.शि. विज्ञान सेजेस पंतोरा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर से श्री एम आर चन्द्रा, श्री गोपेश साहू, श्री नेहरु ला प्रधान, श्रीमती विजया सिंह राठौर डीपीओ एवं श्री सुनील पटेल साक्षरता मिशन तथा डाइट के प्रशिक्षार्थियो का विशेष सहयोग मिला एवं अंत में संस्था के उप प्राचार्य श्री एल के पाण्डेय द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।



# अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर 6 वाहन जप्त

**जांजगीर-चांपा /** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में खनिज विभाग के सहायक उडनदस्ता दल प्रभारी श्री पी डी जाडे एवं टीम द्वारा जिला जॉजगीर चांपा के पामगढ, शिवरीनारायण, देवरघट्टा, देवरी एवं तनौद क्षेत्र में खनिजो के अवैध परिवहन/भण्डारण / उत्खनन करने वाले वाहनो / स्थानो का औचक जॉच किया गया।

खनिज अधिकारी श्री हेमंत चेरपा ने बताया कि जॉच के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज रेत के 04 प्रकरण, मिट्टी (ईट) के 02 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 06 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

## खास खबर

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 8 अप्रैल को डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम ठेमाबुजुर्ग एवं ठेमाखुर्द में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम ठेमाबुजुर्ग में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। इस दौरान दुल्हन को लाने के लिए प्रस्थान कर रहे बरातियों ने सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ लेकर दुल्हन के मायके डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सिहरो के लिए प्रस्थान किया। जो कि आज के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए खासा आकर्षण का केन्द्र रहा जिसकी सभी ने भूरी-भूरी सराहना की। इस दौरान सभी बारातियों एवं ग्रामीणों ने अपने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर पूर्ण आस्था रखते हुए लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाने हेतु सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी डी मण्डले ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए मतदान की शपथ दिलाई।

### विभिन्न रोगों से संबंधित 82 लाभार्थियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद।** जेलों में परिरूद्ध बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार व जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला महासमुंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्रति माह दूसरे व चौथे मंगलवार को जिला जेल महासमुंद में आयुष स्वास्थ्य व जागरूकता शिविर लगाकर किया जा रहा है। बंदियों के स्वास्थ्य में सुधार, आयुर्वेद व योग के माध्यम से चिकित्सा किया जाएगा। इस उपक्रम में प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को योग शिविर आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। जिला जेल महासमुंद में आयुष चिकित्सा व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी व मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. सर्वेश दुबे अपने सहयोगी खोमन लाल साहू के साथ बंदियों को स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी दिए और उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। जेल अधीक्षक उत्तम कुमार पटेल के सहयोग से आज के इस चिकित्सा व जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया है। जेल में पदस्थ ममता पटेल का सहयोग इस शिविर के संचालन में प्राप्त हुआ।

### मतदान को लेकर भावी युवा मतदाताओं में उत्साह

**मोहला।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदान के प्रति भावी और युवा मतदाताओं में खासा उत्साह और रुझान देखने को मिल रहा है। युवा मतदाता स्वस्फुरत होकर मतदान करने के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। युवाओं का कहना है कि युवा देश का भविष्य हैं और देश के विकास में युवाओं की भागीदारी आवश्यक है। युवाओं से बात करने पर कुमारी सीमा पोंगाटी ने कहा कि वह पहली बार लोकसभा में अपना मतदान करने जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान दिवस पर वह अपना पहला वोट डालेगी। उन्होंने अन्य लोगों को अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसी प्रकार कुमारी रोशनी नेताम ने कहा कि मेरा वोट, मेरी ड्यूटी है। उन्होंने मतदान के प्रति अपनी संकल्पना को बताते हुए कहा कि वह पहली बार वोट करने जा रही है और काफी उत्साहित है। युवा मतदाता राजा साहू ने कहा कि वह अवश्य मतदान करेगा और लोकतंत्र की मजबूती व देश के विकास में अपना योगदान देगा।

# रेलवे ने रद्द की दर्जनों ट्रेनें, लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनें होंगे प्रभावित

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत चलने वाली कुछ ट्रेनों को रेलवे द्वारा रद्द किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के तहत रायपुर रेल मण्डल के सिलयारी-मांढर रेलवे स्टेशनो के बीच लेवल क्रॉसिंग पर गर्डर डी लॉन्चिंग एवं तीसरी लाइन पर विद्युतीकरण का कार्य सहित अनेक कार्य जा रहे हैं। दिनांक 12 अप्रैल, ब्लॉक लेकर कार्य किया जाएगा। लेवल क्रोसिंग पर गर्डर डी लॉचिंग से आने वाले दिनों मे सड़क मार्ग उपयोगकर्ता को ट्रेन परिचालन के दोरान लेवल क्रॉसिंग गेट पर रुकने की अवश्यकता नहीं होगी। इसके फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा ।



### रद्द होने वाली गाडियां

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को रायपुर से चलने वाली 08728 रायपुर-बिलासपुर मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 08734 बिलासपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को गेवरा रोड से चलने वाली 08733 गेवरा रोड-बिलासपुर- मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 08719 बिलासपुर-रायपुर मेमू पैसेजर स्पेशल रद्द रहेगी।

दिनांक 11 अप्रैल, 2024 को बिलासपुर से चलने वाली 12855 बिलासपुर-इतवारी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

दिनांक 11 अप्रैल, 2024 को इतवारी से चलने वाली 18240 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

गंतव्य से पहले समाप्त होने वाली गाड़ियां

दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को झारसुगुड़ा एवं गोंदिया से चलने वाली 08862 /08861 झारसुगुड़ा-गोंदिया- झारसुगुड़ा मेमू पैसेजर स्पेशल बिलासपुर एवं गोंदिया के बीच रद्द रहेगी ।

रायगढ़-किरोड़ीमल स्टेशनों के बीच चौथी कनेक्टीविटी

इसी प्रकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत रायगढ़-किरोड़ीमल स्टेशनों के मध्य स्थित छुस्का केबिन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। इसके फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस वजह से 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08738/08737 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली गाडी संख्या 08736/08735 बिलासपुर-रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी ।

दिनांक 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक गोंदिया से चलने वाली 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। इसीप्रकार 10 अप्रैल 2024 से 12 अप्रैल 2024 तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू स्पेशल बिलासपुर स्टेशन से प्रारंभ होगी तथा झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

# सारंगढ़ में तीन हजार दीपों से जगमगाया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के मुख्य आतिथ्य में सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत संध्या में स्वीप दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पुष्कर शर्मा, स्वीप नोडल अधिकारी चौहान सीईओ जनपद पंचायत सारंगढ़ संजू पटेल, पत्रकारगण, नगरवासी और बिहान समूह की महिलाएं उपस्थित थीं। इस आयोजन में बिहान समूह की महिलाओं ने हजारों दीये जलाए।



इस स्वीप दीप महोत्सव में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, एसपी पुष्कर शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर मतदाताओं को निर्भीक होकर स्व स्फूर्त मतदान करने का संदेश दिया। नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने मतदाता जागरूकता संदेश को जिले भर में वृहद स्वरूप में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए इन कार्यक्रमों का आयोजन किया। संदीप तंबोली बीपीएम, बिहान और बिहान समूह की सैकड़ो महिलाओं ने खेलभाठा मैदान में ''चुनाव का पर्व देश का गर्व'' थीम पर तीन हजार दीपक जलाकर मतदाता जन जागरूकता का संदेश दिया। कलेक्टर साहू एवं एसपी शर्मा ने मतदाता जागरूकता को लेकर सभी को शपथ दिलाया। कलेक्टर ने नए युवा मतदाताओं को मतदान करने और अपने से जुड़े अन्य मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने की बात कहा। इस कार्यक्रम में शांतिलाल देवांगन, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिशंकर डनसेना, जनपद पंचायत सारंगढ़ के कर्मचारी युवराज पटेल, कमलेश खूंटे, महेश्वर मनहर, जवाहर पुरान, राज यादव, निशा केशरवानी, उमा देवांगन, एकता गर्ग, जीतेश जायसवाल सहित महावीर चौहान, दिलीप साहू, बलभद्र पटेल, ब्रजभूषण पटेल, गोविंद बरेठा, प्रशांत प्रधान, धीरज बरेठ, अरुण निषाद, मनरेगा बिहान समूह सचिवगण के साथ आम जनता और मीडिया की बड़ी भागीदारी थी।

## निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना जिम्मेदारी वाला कार्य - कलेक्टर

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुगम संचालन के लिए विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी लेना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है जिसे सभी को सावधानीपूर्वक निर्वहन करना है। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के समय यह महत्वपूर्ण होता है कि जिस मतदान केन्द्र में ड्यूटी लगी है उसके लिए उसी मतदान केन्द्र की सामग्री उसे दें। उन्होंने कहा कि सामग्री वितरण के संबंध में मतदान अधिकारी के ड्यूटी आदेश को देखकर उसे उसी मतदान केन्द्र के संबंध में निर्वाचन सामग्री प्रदान करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन सामग्री वापसी के दौरान ईव्हीएम मशीन के साथ विशेष पहचान वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सावधानीपूर्वक वापस लेना होगा। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विधानसभावार निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी हेतु नियुक्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बताया गया कि 25 अप्रैल को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा।

# डॉ. अरूणा पल्टा ने किया बेमेतरा में वार्षिक परीक्षाओं का आकस्मिक निरीक्षण

बेमेतरा। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल के साथ शासकीय जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा में चल रही विष्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा की द्वितीय पाली में परीक्षा कक्षों का आकस्मिक निरीक्षण किया।



यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय की लगभग आधी परीक्षाएं समाप्त हो चुकी है तथा परीक्षाओं के आरंभ से लेकर विष्वविद्यालय के सभी अधिकारी लगातार विभिन्न पालियों में महाविद्यालयों का निरीक्षण कर रहे है तथा अनेक परीक्षा केन्द्रों पर नकल प्रकरण दर्ज किये गये है।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार शासकीय महाविद्यालय, बेमेतरा में कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने समस्त परीक्षा कक्षों का आकस्मिक निरीक्षण किया।इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. पी. पी. चन्द्रवंषी की उपस्थिति में डॉ. पल्टा ने परीक्षा कक्ष में वीक्षकों द्वारा भरे जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों का भी अवलोकन किया। परीक्षा के दौरान अचानक विष्वविद्यालय की कुलपति की उपस्थिति से वीक्षक एवं छात्र-छात्राएं आष्चर्यचकित दिखाई दिये।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि कुलपति, डॉ. पल्टा ने इसके पश्चात् समाधान कॉलेज, बेमेतरा में आयोजित एक कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। डॉ. पल्टा ने कहा कि वें समय-समय पर विष्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं का आकस्मिक निरीक्षण करती रहेंगी।

डॉ. पल्टा ने कहा कि विष्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाओं को मई के द्वितीय सप्ताह से आरंभ करने का प्रयास विष्वविद्यालय प्रषासन कर रहा है। सेमेस्टर परीक्षाओं की प्रायोगिक परीक्षाएं 01 से 10 मई के मध्य आयोजित किया जाना प्रस्तावित हैं।

# आपका मतदान लोकतंत्र की जान, संदेश के साथ स्वीप अंतर्गत वॉक द सिटी कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**राजनांदगांव।** आपका मतदान लोकतंत्र की जान.... इस संदेश के साथ स्वीप अंतर्गत वॉक द सिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकतंत्र के उत्सव को मनाने के लिए भारत माता की जय उद्घोष के साथ उमंग एवं उल्लास के साथ चौक चौराहों, गली-मोहल्लों से होते हुए युवाओं, खिलाडि़यों, अधिकारी, कर्मचारी एवं नागरिकों का काफिला निकला।

वॉक द सिटी रैली सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव से गांधी सभा गृह, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, जुनी हटरी, जयस्तंभ चौक, महावीर चौक से होते हुए पुनः सर्वेश्वर दास हायर सेकेंडरी विद्यालय राजनांदगांव में समाप्त हुई। मतदाता जागरूकता के लिए कदम दर कदम कारवां बढ़ता चला गया और राहों में सभी के दिलों में मतदान करने का एक जज्बा जगाते चला गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए सघन अभियान चलाया गया है और जिले में शत प्रतिशत मतदान के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में स्वीप अंतर्गत निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है, घर-घर अलख जगाएंगे के जज्बे के साथ हर घर तक मतदाताओं में जागरूकता लाने की दिशा में शिद्दत से कोशिश की जा रही है।



चुनाव का पर्व देश का गर्व, बढ़ाएं कदम दिखाएं वोट का दम, युवा हो तुम देश की शान जागो उठो करो मतदान, लोकतंत्र का यह आधार वोट न हो कोई बेकार, 18 वर्ष की उम्र कर ली पार मिला वोट का अब अधिकार, मतदान हमारा अधिकार है इससे बनती सरकार है, वोट है ताकत, लोकतंत्र का करें सम्मान 26 अप्रैल को करे मतदान जैसे नारों के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सहायक स्वीप नोडल श्रीमती रश्मि सिंह, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर, सहायक खेल अधिकारी श्रीमती उषा चटर्जी, रणविजय सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा, खिलाड़ी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने सुविधा केन्द्र स्थापित

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किए हैं। इसके लिए स्थान, तिथि एवं समय निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से जारी जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं।



# घोटालों के किंगपिन और पॉलीटिकल मास्टर किसी कीमत पर बच नहीं

o कश्यप ने साधा निशाना : बघेल पूरे पाँच साल भाजपा प्रवक्ताओं पर, पत्रकारों पर सौ-सौ मुकदमे लादकर बदलापुर की राजनीति करते रहे

o भूपेश सरकार के खिलाफजितने भी मामले हैं, उनमें आरोपियों को सुप्रीम कोर्ट तक जमानत नहीं दे रहा, इतने पुख्ते साक्ष्य हैं : कश्यप



रायपुर, 10 अप्रैल (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने ईडी समेत केंद्रीय जाँच एजेंसियों की कार्रवाईयों को राजनीतिक षड्यंत्र और प्रतिशोध की राजनीति बताने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आड़े हाथों लिया है। कश्यप ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के किसी एक फैसले को लेकर जाँच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप लगाकर बघेल अपने भ्रष्टाचार और धत्कर्मों के दाग धोने की फिज़ूल कवायद कर रहे हैं, ऐसे किसी प्रॉपगैंडा से भूपेश बघेल को कोई लाभ नहीं होने वाला है।

वन मंत्री कश्यप ने कहा कि हम न्यायालय का सम्मान करते हैं। उसके फ़ैसले पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे हैं। लेकिन किसी एक फ़ैसले को डूबते का तिनका बना लेने से भूपेश बघेल का कोई भला नहीं होने वाला है। अपने बस्तर दौरे में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा है कि भ्रष्टाचारियों की असली जगह जेल है। कश्यप ने कहा कि भूपेश सरकार के खिलाफ जितने भी मामले हैं, उनमें से लगभग किसी में भी आरोपियों को जमानत सुप्रीम कोर्ट तक से भी नहीं मिल पा रही है। इन मामलों का 'पॉलिटिकल मास्टर' कौन है, समूचे प्रदेश को पता है। अब तो जमानत मांगने पर इनके लोगों पर सुप्रीम कोर्ट जुर्माना तक ठोक रहा है। हाल ही में सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका पर एक लाख का जुर्माना सुप्रीम कोर्ट ने लगाया है। कश्यप ने कहा कि भ्रष्टाचार के कुछ मामलों में तो कोर्ट ने साफकहा भी है कि इन घोटालों में प्रथम दृष्टया पर्याप्त साक्ष्य हैं, इसके बावजूद बघेल खुद को बेदाग बताने के लिए प्रतिशोध की राजनीति का बेसुरा राग आलाप कर जिस तरह हाथ-पैर मार रहे हैं, वह हास्यास्पद ही है।

प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल जरा अपनी याददाश्त पर जोर दें कि बदले की कार्रवाई और प्रतिशोध की राजनीति तो सत्ता में रहते हुए खुद बघेल कर रहे थे। विकास आदि के काम छोड़ बघेल पूरे पाँच साल केवल भाजपा नेताओं के खिलाफ, पत्रकारों के खिलाफझूठे मुक़दमे दायर करते रहने में, एसआईटी आदि गठन करने में लगे रहे, यहां तक कि दिल्ली के नेताओं के खिलाफ किये ट्वीट पर भी वे भाजपा प्रवक्ताओं पर, पत्रकारों पर सौ-सौ मुकदमे लाद देते थे। कश्यप ने कहा कि सत्ता का ऐसा दुरुपयोग इससे पहले किसी ने नहीं किया था। ऐसे तमाम मुकदमों को कोर्ट खारिज करता गया। कई मामलों में तो कोर्ट ने टिप्पणी तक की कि यह राजनीतिक बदले की कारवाई की गई है। कांग्रेस सरकार द्वारा गठित लगभग सारी एसआईटी भी कोर्ट ने रद्द कर दी थी। एक ओर जहाँ भाजपा सरकार द्वारा दर्ज सभी मामले कोर्ट में कायम हैं, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा दर्ज लगभग कोई भी मुकदमे किसी अदालत में नहीं टिके। भूपेश सरकार की 'बदलापुर की राजनीति' का इससे बड़ा साक्ष्य और क्या हो सकता है? अब बघेल और उनके लोग किस मुँह से भाजपा पर प्रतिशोध की राजनीति का आरोप लगा रहे हैं?

## संक्षिप्त खबरें...

### कोरोना काल में कहां गायब रहीं पालक सांसद, कोरबा के हक का करोड़ों कहां गया

**कोरबा ।** कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत का कोरबा संसदीय क्षेत्र में लगातार सघन दौरा व जनसंपर्क जारी है। इसी कड़ी में सांसद ने कटघोरा विधानसभा के चोढ़ा, कोरबी आदि गांवों में जनसंपर्क किया। ज्योत्सना महंत ने कहा कि कोरबा की पालक सांसद जो दुर्ग और दिल्ली की रहने वाली हैं, उस वक्त कहां थी जब कोरोना की महामारी फैली थी। उन्होंने कोरबा की जनता के लिए कुछ क्यों नहीं किया? मैंने अपने क्षेत्र में डेढ़ करोड़ रुपए बांटे ताकि आक्सीजन सिलेंडर और किट खरीदे जा सकें। लोगों की जान बचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने बहुत कुछ काम किया और जब पैसे कम पड़ रहे थे तो हम लोगों ने अपना वेतन तक दे दिया। इस मुसीबत के वक्त कोरबा की पालक सांसद क्या कर रही थीं जो आज लोगों के बीच घूमकर वोट मांग रही हैं। सांसद ने बताया कि पालक सांसद ने अभी चुनाव में खड़े होने पर सीधे 12 करोड़ रुपए बांट दिया लेकिन हम सांसदों को हर साल 5-5 करोड़ रुपए क्षेत्र में खर्च करने के लिए मिलते हैं तो पालक सांसद ने 5 साल तक वो करोड़ों रुपए कोरबा संसदीय क्षेत्रवासियों को क्यों नहीं दिया?

### 25 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति नहीं लड़ सकता लोकसभा चुनाव

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा निर्वाचन के लिए शुक्रवार 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के बाद से नाम निर्देशन पत्र विक्रय के लिए कलेक्टर कार्यालय रायपुर में उपलब्ध हो जाएगा। चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी अपना नाम निर्देशन पत्र 19 अप्रैल तक जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकेगें। 20 अप्रैल को नामों की संवीक्षा के बाद नामों की वापसी 22 अप्रैल तक होगी। और 7 मई को रायपुर जिले में तृतीय चरण का मतदान होगा और परिणामों की घोषणा 4 जून तक हो सकेगी।

निर्वाचन के नियमों के अनुसार लोकसभा निर्वाचन का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की आयु न्यूनतम 25 वर्ष होना चाहिए। इससे कम आयु के अभ्यर्थियों का नामंकन स्वीकृत नहीं किया जाएगा। एक अभ्यर्थी अधिकतम् नाम निर्दशन के अधिकतम् 4 सेट जमा कर सकेगा। नाम निर्देशन पत्र के साथ अभ्यर्थी को अपना नवीनतम फोटो भी लगाना होगा। नाम निर्देशन पत्र के साथ अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में अपनी संपत्तियों, देनदारियों एवं आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में शपथ पत्र भी संलग्न करना अनिवार्य होगा।

निर्वाचन के नियमों के अनुसार एक अभ्यर्थी अपने चुनाव में निर्वाचन सीमा के अंतर्गत अधिकतम् 95 लाख रुपए तक ही खर्च कर पाएगा। यही नहीं अभ्यर्थी को अपने निर्वाचन खर्च का पूरा हिसाब ङ्क किताब भी रखना होगा तथा किए खर्च के बारे में समय ङ्क समय पर निर्वाचन व्यय लेखा की जानकारी भी देना होगा।

### झूले लाल जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

कोरबा। चेट्रीचंड्र झूलेलाल जयंती के अवसर पर सिंधी समुदाय की ओर से शहर में बुधावार को भव्य रैली निकाली जाएगी। शाम पांच बजे से बहराणे साहेब की अगवाई में रैली रानी रोड स्थित सिंधु भवन से शुरू होकर पुराना बस स्टैंड पहुंचेगा। यहां से आगे बढ़कर पावर हाउस रोड होते हुए डीडीएम रोड गोदड़ीधाम में पूरा होगा। इस अवसर डांडिया की धूम होगी। इसके पहले सुबह दस बजे झूलेलाल मंदिर में बहराणे साहेब की आरती की जाएगी। सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक सिंधु भवन में रक्तदान शिविर आयोजित की जाएगी। दोपहर एक बजे से आम भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### भारी वाहन 14 व 16 चक्का ट्रकों को राखड़ बांध में करें प्रतिबंधित: दीपक वर्मा

कोरबा । शहर एनएसयूआइ के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार वर्मा ने बालको राखड़ बांध से 14 व 16 चक्का वाहन पर प्रतिबंध को लेकर कलेक्टर से मांग की। दीपक ने कहा कि पूर्व में लो लाइन माइंस को बंद कर दिया गया था, क्योंकि बांध के चारों तरफ घनी बस्ती बसी हुई है। जिससे बांध के फूटने की संभवाना बनी हुई थी, लेकिन आपसी समझौता होने पर सिर्फ12 चक्का वाहन को ही अनुमति दी गई थी। कुछ समय के पश्चात फिर से 14 से 16 चक्का ट्रकों को चलाया जा रहा, जो समझौता के खिलाफ है। दीपक ने कहा की यदि प्रशासन इस पर उचित कार्रवाई नहीं करेगा तो निकट भविष्य में गंभीर दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। जिसमें भयंकर जान माल का नुकसान होगा। उन्होंने कहा की यदि हमारे उचित मांग पर कार्रवाई नहीं होगी तो एनएसयूआइ जन मानस के साथ मिलकर एक बड़े आंदोलन की रुपरेखा बनाकर पुरजोर विरोध करेगी। जिसकी समस्त जवाबदारी जिला प्रशासन वह बालको प्रबंधन की होगी।

### स्वीप की गतिविधियों को बढ़ाते हुए मतदाताओं को करें जागरूक

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ श्री संबित मिश्रा ने स्वीप कोर कमेटी के सदस्यों की जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने नए युवा मतदाताओं, कर्मचारियों, श्रमिकों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने स्वीप अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री मिश्रा ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल रैली निकालकर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए।

## राज्यपाल श्री हरिचंदन ने बस दुर्घटना मे व्यक्तियों की मृत्यु पर शोक जताया

रायपुर। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कुम्हारी थाना अंतर्गत रायपुर-दुर्ग मार्ग पर कल निजी कंपनी के कर्मचारियों से भरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से 12 लोगों की मृत्यु को अत्यंत पीड़ाजनक बताया और गहरा दुख व्यक्त किया. राज्यपाल ने कहा, महाप्रभु श्रीजगन्नाथ जी दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोक-संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करें. साथ ही राज्यपाल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से गंभीर मरीजों का तत्काल इलाज होगा : जिंदल

**रायपुर ।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स रायपुर में आर्टिफि शियल इंटेलीजेंस की मदद से अब गंभीर मरीजों का तत्काल इलाज हो सकेगा। इसके लिए आईआईटी भिलाई द्वारा एम्स के लिए हाइब्रिड डिजिटल हेल्थ केयर टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म 'स्मार्ट-ईआर' विकसित किया जा रहा है। ट्रामा और इमरजेंसी में पहला चरण सफ ल होने के बाद इसे एम्स के अन्य विभागों में लागू किया जाएगा।आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश और डीन रिसर्च प्रोफेसर संतोष विश्वास ने एम्स के डॉक्टरों के समक्ष इस प्लेटफॉर्म के प्रमुख बिंदुओं को प्रस्तुत किया।

## तीन नाबालिग सहित 6 स्टंटबाज बाईकर्स पकड़ाये

रायपुर, 10 अप्रैल (आरएनएस)। नया रायपुर की सड़कों पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर अपनी व दूसरों की जान को खतरे में डालने वाले 6 स्टंटबाज बाइकर्स को यातायात पुलिस गिरफ्तार किया है। सभी 06 बाइकर्स में 03 नाबालिक एवं 03 बालिक वाहन चालकों का वाहन जप्त कर प्रकरण निराकरण के लिए न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी।



बता दे कि बाईकर्स गैंग द्वारा नया रायपुर की सड़कों पर लापरवाही पूर्वक बाईक चलाकर स्वयं तथा दूसरों की जान को जोखिम में डालते हुए स्टंटबाजी करने की शिकायत मिलने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर संतोष कुमार सिंह द्वारा ऐसे स्टंटबाज वाहन चालकों को पकड़कर सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर ओम प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर गुरजीत सिंह एवं सुशांतो बनर्जी के नेतृत्व में यातायात पुलिस नया रायपुर द्वारा रविवार दिनांक 7 अप्रेल को नया रायपुर की सड़कों पर घेराबंदी कर सी.बी.डी. बिल्डिंग रोड में स्टंटबाजी करते 6 चालको को पकड़ने में सफ्लता पाई। उक्त में से 03 बाइकर्स किशोर है जिनका प्रकरण किशोर न्यायालय भेजा गया एवं 3 बाइकर बालिग होने पर प्रकरण निराकरण के लिए न्यायालय भेजने की कार्यवाही की गयी।

मामले में पुलिस ने अभिषेक गोटा पिता पीया राम गोटा उम्र 24 वर्ष निवासी खमतराई रायपुर, राहुल बघेल पिता स्व. गुड्डू बघेल उम्र 19 वर्ष निवासी टाटीबंध रायपुर,श्रीनु स्वामी पिता नागेश्वर स्वामी उम्र 20 वर्ष निवासी भनपुरी रायपुर तथ 3 नाबालिगों को पकड़ा है।

## चेम्बर भवन में जी.एस.टी. कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

कोरबा 10 अप्रैल (आरएनएस)। जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा द्वारा सोमवार 8 अप्रेल को शाम 5 बजे जी.एस.टी. से सम्बंधित समस्याओं के निराकरण हेतु एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला एवं परिचर्चा में स्टेट जी.एस.टी. कोरबा वृत्त 2 के सहायक आयुक्त एम.एल. निर्मलकर एवं कीर्तिका राज तथा राज्यकर अधिकारी एच.के. देवांगन ने व्यापारियों की शंकाओं व समस्याओं का समाधान किया।

सहायक आयुक्त एम.एल. निर्मलकर ने कहा कि व्यापारियों द्वारा नियमित व निर्धारित समय पर कर भुगतान किये जाने की स्थिति में जी.एस.टी. के प्रावधान अत्यंत सहज व सुगम हैं। यदि नियमित कर भुगतान नहीं किया जाता है उस स्थिति में भी उत्पन्न होने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान मौजूद हैं। आप लोग सकारात्मक रवैया अपनाते हुए बेझिझक सम्पर्क कर सकते हैं, हम सदैव आपके साथ हैं। अनेक प्रश्नों के समुचित समाधान प्रस्तुत करने के पश्चात उन्होंने आगे कहा कि इस तरह के सेमिनार का आयोजन प्रतिमाह किया जाना चाहिए। इस पर सभी उपस्थित व्यापारियों ने अपनी सहमति जताई।

इस सेमिनार में जिला चेम्बर ऑफकॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज कोरबा के संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष श्री रामसिंह अग्रवाल के साथ वर्तमान अध्यक्ष योगेश जैन, महामंत्री विनोद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रामानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, नरेन्द्र अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, मोहनलाल अग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल, राजेन्द्र डागा, जगदीश सोनी, कैलाश अग्रवाल, मूलचंद जैन, मयंक जैन, शिवशंकर अगवाल, नरेश अग्रवाल, राहुल मोदी, अखिल अग्रवाल, हरविंदर सिंह, अंकित गोयनका, सत्येन्द्र पूरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित थे।

## सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर दो युवतियों से लाखों की ठगी,एक गिरफ्तार

दुर्ग। गृहमंत्री विजय शर्मा कल रात हुए बस हादसे का निरीक्षण करने बुधवार को कुम्हारी पहुंचे. दुर्ग रेंज आईजी और संभाग कमिश्नर ने बस हादसे की जानकारी गृहमंत्री को दी थी. इसके बाद आज गृहमंत्री शर्मा घटनास्थल पहुंचे और खदान के ऊपर सड़क और नीचे खदान में गिरी बस का निरीक्षण कर रहे हैं. इस दौरान इंटर डिपार्टमेंट लिड एजेंसी रोड सेफ्टी के अधिकारी-ढ्ल्ल संजय शर्मा भी मौके पर पहुंचे हैं.



उल्लेखनीय है कि मंगलवार देर रात कुम्हारी के केडिया डिस्टलरी में काम करने वाले 40 कर्मचारियों को लेकर एक बस डिस्टलरी से खपरी की ओर जा रही थी. इसी बीच अचानक बस अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरी मुरुम खदान में गिर गई, जिसमें मौके पर ही 6 लोगों ने जान गंवा दी. वहीं आज और घायल की मौत होने से मरने वालों का आंकड़ा 14 तक पहुंच चुका है. वहीं लगभग 15 कर्मचारी गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं.

हादसे में मृत हुए सभी कर्मचारियों के शवों को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल और 3 मृतकों के शवों को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी में रखा गया है. सुबह से ही जिला प्रशासन के तमाम अधिकारी लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल पहुंच चुके हैं, जिसमें मजिस्ट्रेट के सामने सभी शवों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है. कुछ मृतक के परिजन शव को लेने से इनकार कर रहे थे।

## भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर विकलांगो जरूरतमंदों को करया गया भोजन

### रिमझिम बारिश में भी प्रातः प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है

रायपुर, 10 अप्रैल (आरएनएस)। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के अंतर्गत आयोजित 15 दिवसीय प्रभात फेरी में आज चतुर्थ दिवस पर प्रभात फेरी समता भवन टाटीबंध मेन रोड होते हुए टाटीबंदा गुरुद्वारा के पास से टाटीबंध स्थित किड्जी स्कूल टाटीबंध तक निकाली गई आज की प्रभात फेरी में बच्चे विभिन्न वेशभूषा धारण कर प्रभात फेरी के आगे जियो और जीने दो का जयघोष करते चल रहे थे।रिम झीम बारिश के बाद भी प्रभात फेरी में आए सकल जैन समाज के धर्म प्रेमी बंधुओ का उत्साह कम नहीं हुआ। बारिश की परवाह न करते हुए आसपास में निवासरत् क्षेत्रीय जैन समाज के संघ सदस्यों ने अपना उत्साह व कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करते हुए इस आयोजन को सफ्ल बनाने में अपना बहुमूल्य समय व योगदान दिया। यह प्रभात फेरी का आयोजन श्री साधुमार्गी जैन समता युवा संघ रायपुर द्वारा विगत कई वर्षों से किया जा रहा है ।प्रभात फेरी पश्चात ब्लड डोनेशन कैंप का योजन प्रतिदिन किया जा रहा है जिसमे 6 अप्रैल से आज दिनांक 9 अप्रैल तक कुल 50 लोगो ने जीवनदाता रक्त का दान कर अपना पुण्य प्रबल किया है। आज 9 अप्रैल को दोपहर 1 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में श्री दिगंबर जैन महिला मंडल मालवीय रोड द्वारा लगभग 300 लोगो को भोजन वितरण मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर के बाहर किया गया एवं एस.ओ. एस. संस्था में जरूरतमंदों को स्टेशनरी कॉपी जैसी आवश्यक वस्तु का भी वितरण किया जिसमे आज कुल 500 नोट बुक का वितरण किया गया इस कार्यक्रम में जया जैन,संध्या जैन दीप्ति जैन मेघना जैन मधु मोदी रोहित जैन कविता जैन अलका जैन रश्मि जैन रेखा जैन ममता जैन शालू जैन सौम्य जैन विशेष रूप से उपस्थित थी।

दोपहर 2.50 बजे प्रेरणा ब्लाइंड स्कूल में ब्लाइंड बच्चो को शुद्ध भोजन करवाया जिसमे संध्या जैन ,रेखा जैन ,वर्षा जैन ,प्रीति जैन,सुगंधी जैन ,संगीता जैन,ममता जैन,संध्या ब्रह्मपुरी,आभा जैन,सुनीता जैन,रजनी जैन,मंदा जैन,सोनम जैन,अंजू जैन,ममता जैन,ज्योति जैन ,बेबी जैन,लता जैन,अलका जैन विशेष रूप से उपस्थित थी। दोपहर 2.30 बजे लोढ़ा विंग्स ज्ञानवल्लभ उपाश्रय विवाकानंद नगर में करे तीर्थंकर की सैर धार्मिक गेम का आयोजन किया गया जिसमे 3 राउंड खेले गए सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया इस कार्यक्रम में श्वेता लोढ़ा,विजय लोढ़ा,ममता लोढ़ा,निष्ठा,योगिता,ज्योति आदि विशेष रूप से उपस्थित थी। दोपहर 2.30 बजे श्री जिनकुशल सज्जन महिला मंडल गुड़ियारी द्वारा धार्मिक थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन एम.जी रोड स्थित जैन दादा बड़ी में रखा गया था जिसमे कुल 20 बच्चो ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में विमला दुग्गड,कंचन चोपड़ा,ममता पारख आदि उपस्थित थी। दोपहर 3 बजे सज्जन महिला मंडल गुड़ियारी द्वारा आओ खेले अंको का खेल गेम का आयोजन किया जाएगा।

## पीएम मोदी को डिफाल्टर कह कर महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें तोड़ दी है : शिवरतन शर्मा

### 2018 के अपने घोषणा पत्र के वादे पूरे नहीं करने पर क्या चरण दास महंत भूपेश बघेल को डिफाल्टर बोलेंगे? - शिवरतन शर्मा

रायपुर, 10 अप्रैल (आरएनएस)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक शिवरतन शर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का मानसिक संतुलन ठीक होने का नाम नहीं ले रहा है। पीएम मोदी के सिर फोड़ने वाले बयान के बाद फिर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया है। पीएम मोदी को डिफाल्टर कह कर महंत ने राजनीतिक शुचिता की सारी हदें तोड़ दी है। इसकी शिकायत के बाद चुनाव आयोग के निर्देश पर उन पर एफआईआर दर्ज किया गया है। चुनाव आयोग की हिदायत के बाद भी महंत और कांग्रेस पार्टी के नेता आए दिन पीएम मोदी को सिर फोड़ने, गाली देने सहित उनके व्यक्तित्व को लेकर अशिष्ट भाषा का इस्तेमाल कर रहे है। इसके लिए चरण दास महंत जी आप कब माफ़ी मांगेंगे।



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने चरणदास महंत से सवाल पूछते हुए कहा कि 2018 के चुनावी घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जो वादे किए थे उसे पूरा नहीं किया तो क्या उसके लिए भूपेश बघेल को डिफाल्टर कहेंगे? क्या वादे पूरे नहीं करने के लिए चरणदास महंत सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को डिफाल्टर कहेंगे? क्या झूठे वादे करके सत्ता पाने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं को चरणदास महंत डिफाल्टर कहेंगे? उन्होंने कहा कि हाथ में मैया गंगा की सौगंध खाने वाली कांग्रेस ने शराबबंदी का वादा किया था, लेकिन पूरा नहीं किया। इसके साथ ही बेसहारा महिलाओं को 500 रुपए पेंशन वादा भी पूरा नहीं किया। जनता भी समझ चुकी है कि कांग्रेस झूठे जन घोषणा पत्र से पहले वोट लेती है फिर सत्ता में आने के बाद लूट खसोट और भ्रष्टाचार में जुट जाती है। प्रदेशवासियों के साथ धोखा देने वाली कांग्रेस पार्टी बहुत बड़ी धोखेबाज और डिफाल्टर है।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी की अधिकांश गारंटियों को प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार ने महज तीन माह में पूरा कर

## उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति ने ग्राम सारधा में नवनिर्मित आवास

रायपुर । छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा ने आज मुंगेली जिले के तहसील लोरमी के ग्राम सारधा में न्यायालयीन कर्मचारियों हेतु नवनिर्मित निवास गृह का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण किया। मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा ने कार्यक्रम में नवीन निवास गृह के लिए कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी जिले में न्यायिक कर्मचारियों के लिए सर्वसुविधायुक्त रहवासी कालोनी उत्साहवर्धक एवं नयी ऊर्जा का संचार करने वाली होती है, जिससे न्यायिक कर्मचारियों के कार्यकुशलता की दक्षता में वृद्धि होती है। न्यायिक कॉलोनी ऐसे बने जो राज्य के लिए एक मिसाल साबित हो। उन्होंने कहा कि हमें राज्य के न्यायालयों को काम करने हेतु बेहतर माहौल एवं सुविधा प्रदान करना है। यह परियोजना न्यायिक कर्मचारियों के लिए आवास प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, ताकि आवास प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम को न्यायाधिपति श्री नरेन्द्र कुमार व्यास, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालयीन एवं पोर्ट फोलियो जज, जिला मुंगेली के द्वारा संबोधित करते हुए बताया गया कि लोरमी के न्यायिक कर्मचारियों के लिए एक जी टाईप, सात एच टाईप एवं चार आई टाईप सर्वसुविधायुक्त शासकीय आवासगृह का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रकुमार अजगल्ले ने ग्राम सारधा लोरमी तहसील में नई सर्वसुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी की सौगात देने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण के लिए रहवासी कॉलोनी के लोकार्पण के कार्यक्रम में प्रथम जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्रीमती कीर्ति लकड़ा, विशेष न्यायाधीश श्रीमती स्वर्णलता टोप्पो, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बलराम देवांगन, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, श्री अनन्तदीप तिर्की, श्री मयंक सोनी, कु. श्वेता ठाकुर एवं न्यायिक कर्मचारीगण उपस्थित थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)